संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 23 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में बांग्लादेश का मुद्दा उठा और वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर चिंता जाहिर की गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 79 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# परिसीमन के खिलाफ केंद्र को घेरा

● परिसीमन पर तमिलनाडु समेत 5 राज्यों के सीएम की बैठकः हमारी पहचान खतरे में पड़ जाएगीः स्टालिन

**चिंता व्यक्त की**

**▶▶ जेएसी की बैठक में बनी रणनीति, केंद्र को पारदर्शी तरीका अपनाने को कहा, बैठक में पहुंचे थे विपक्ष के कई नेता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई।** विपक्ष की जॉइंट एक्शन कमेटी ने शनिवार को परिसीमन के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र सरकार की ओर से पारदर्शिता और स्पष्टता की कमी पर चिंता व्यक्त की गई।
जेएसी ने सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से किसी भी परिसीमन एक्सरसाइज पर पारदर्शिता की मांग की और 1971 की जनगणना वाली जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर रोक को अगले 25 वर्षों तक बढ़ाने के लिए कहा।
**प्रक्रिया को पारदर्शी करने की मांग :** जेएसी द्वारा पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि 'लोकतंत्र को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए किसी भी परिसीमन एक्सरसाइज को पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि सभी राज्यों के राजनीतिक दलों, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों को इसमें विचार-विमर्श, चर्चा और योगदान करने का अवसर मिल सके।' इसमें कहा गया है, 'इस तथ्य को देखते हुए कि 42वें, 84वें और 87वें संविधान संशोधनों के पीछे विधायी मंशा उन राज्यों को संरक्षण/प्रोत्साहित करना था, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया है और राष्ट्रीय जनसंख्या स्थिरीकरण का लक्ष्य अभी तक हासिल नहीं हुआ है।'
**आवश्यक संवैधानिक संशोधन लागू करने की मांग**
प्रस्ताव के मुताबिक, '1971 की जनगणना वाली जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर रोक को अगले 25 वर्षों तक बढ़ाया जाना चाहिए।' तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अगुआई वाली जेएसी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह उन राज्यों को दंडित न करे, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया है। जेएसी ने कहा कि 'जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया है और परिणामस्वरूप जिनकी जनसंख्या में कमी आई है, उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार को इस उद्देश्य के लिए आवश्यक संवैधानिक संशोधन लागू करना चाहिए।' इसके अलावा, जेएसी ने संकल्प लिया कि बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न राज्यों के राजनीतिक दल परिसीमन मुद्दे पर उचित विधान सभा प्रस्ताव लाएंगे।



### परिसीमन लोकतंत्र-संविधान के खिलाफः विजयन

**केरल** के मुख्यमंत्री पी विजयन ने बैठक में कहा कि लोकसभा सीटों का परिसीमन का मुद्दा हमारे सिर पर लटकती तलवार जैसा है। उन्होंने इसे संविधान के सिद्धांतों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ बताया। गौरतलब है कि दक्षिणी राज्यों का कहना है कि लोकसभा सीटों का परिसीमन अगर जनसंख्या के आधार पर किया गया तो इससे उन्हें सीटों का नुकसान होगा। यही वजह है कि दक्षिणी राज्य जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों के परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। दक्षिणी राज्यों का आरोप है कि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण किया, लेकिन अब उन्हें इसकी सजा दी जा रही है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ किया है कि दक्षिणी राज्यों को सीटों का नुकसान नहीं होगा।
**प्रस्तावित परिसीमन को स्वीकार नहीं कर सकते : सीएम रेवंत रेड्डी**
जेएसी की बैठक के दौरान तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि 'आज देश गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। भाजपा जनसंख्या नियंत्रण की सजा दे रही है। हम एक देश हैं और हम इसका सम्मान करते हैं, लेकिन हम इस प्रस्तावित परिसीमन को स्वीकार नहीं कर सकते।

### कानूनी लड़ाई लड़ेंगेः सीएम स्टालिन

**बैठक के दौ**रान सीएम स्टालिन ने कहा कि विशेषज्ञों का एक पैनल गठित किया जाना चाहिए, जो इस मुद्दे पर लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक और कानूनी दोनों योजनाओं पर सुझाव दे। उन्होंने इस मुद्दे पर राजनीतिक लडाई के साथ-साथ कानूनी लड़ाई लड़ने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि 'हम परिसीमन के खिलाफ नहीं हैं लेकिन हम निष्पक्ष परिसीमन चाहते हैं और हमें अपने अधिकारों के लिए लगातार कोशिश करनी होगी।' स्टालिन ने इस मुद्दे पर लोगों को जागरुक करने और इस लड़ाई में एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'हमारा प्रतिनिधित्व कमजोर नहीं पड़ना चाहिए। 'केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने बैठक में कहा कि लोकसभा सीटों का परिसीमन का मुद्दा हमारे सिर पर लटकती तलवार जैसा है। उन्होंने इसे संविधान के सिद्धांतों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ बताया।

# चीन ने फिर रची 'नापाक साजिश'

लद्दाख में बना रहा दो नई काउंटी; लोकसभा में केंद्रीय मंत्री ने खोली ड्रैगन की पोल

**विरोध**

**▶▶ भारत सरकार ने इस क्षेत्र में भारतीय भू-भाग पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि भारत को चीन द्वारा दो नए काउंटी बनाने की जानकारी मिली है, जिनमें से कुछ हिस्सा लद्दाख में आते हैं। सरकार ने कहा कि इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है।
**मंत्री ने चीनी कब्जे पर दिया जवाब**
विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, "भारत सरकार ने इस क्षेत्र में भारतीय भू-भाग पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। नए काउंटी बनाने से न तो इस क्षेत्र पर भारत की संप्रभुता के बारे में भारत की दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा, न ही चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैधता मिलेगी।" उन्होंने कहा कि सरकार ने "राजनयिक माध्यमों से इन घटनाक्रमों पर अपना गंभीर विरोध दर्ज कराया है"। मंत्रालय से पूछा गया कि क्या सरकार को "लद्दाख में भारतीय क्षेत्र को शामिल करते हुए हॉटन प्रान्त में चीन द्वारा दो नए काउंटी स्थापित करने" की जानकारी है, यदि हां, तो इस मुद्दे को हल करने के लिए सरकार द्वारा क्या रणनीतिक और कूटनीतिक उपाय किए गए हैं? प्रश्न में "इन काउंटी के निर्माण" के खिलाफ भारत द्वारा दर्ज किए गए विरोधों का विवरण और चीनी सरकार से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के बारे में भी पूछा गया।

## यति नरसिंहानंद की बढ़ेंगी मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के खिलाफ वेव सिटी थाने में शुक्रवार देर रात भड़काऊ बयान देने, राष्ट्रपिता, कमिश्नर और एसीपी के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।
यति ने लोनी विधायक के समर्थन में बयान जारी किया था।

## लेट हुई एयर इंडिया की फ्लाइट तो भड़कीं सांसद सुप्रिया सुले

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने अपनी उड़ान में एक घंटे से अधिक की देरी के लिए एयर इंडिया की आलोचना की और केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से एयरलाइनों को जवाबदेह ठहराने के लिए सख्त नियम लागू करने का आग्रह किया। सुप्रिया सुले ने कहा कि उनकी उड़ान 1 घंटे और 19 मिनट की देरी हुई
**एक्स पर पोस्ट कर सुले ने दी प्रतिक्रिया**
सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा "मैं एयर इंडिया की उड़ान में यात्रा कर रही थी, जिसमें 1 घंटे और 19 मिनट की देरी हुई। यात्रियों को प्रभावित करने वाली देरी की निरंतर प्रवृत्ति का हिस्सा। नागरिक विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से आग्रह है कि वे एयर इंडिया जैसी एयरलाइनों को बार-बार देरी के लिए जवाबदेह ठहराने और यात्रियों के लिए बेहतर सेवा मानक सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम लागू करें।" हालांकि, एयर इंडिया ने सुले की पोस्ट पर जवाब दिया और लिखा, "प्रिय मैडम, हम मानते हैं कि देरी बहुत निराशाजनक हो सकती है।

## एअर इंडिया ने लंदन के लिए निर्धारित उड़ानें बहाल कीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एअर इंडिया, वर्जिन अटलांटिक और ब्रिटिश एयरवेज ने शनिवार को नई दिल्ली से लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे (एलएचआर) के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें बहाल कर दी हैं। एलएचआर ने एक्स पर पोस्ट पर एक बयान में बताया कि उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं, हवाई अड्डा पूरी तरह से चालू हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया, ब्रिटिश एयरवेज और वर्जिन अटलांटिक ने आज सुबह लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट के लिए अपनी उड़ानें संचालित कीं।

# बांग्लादेश हिंसा की वजह धार्मिक भीः संघ

**टीम एक्शन इंडिया**
**बंगलूरूः बंगलूरू** में चल रही संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में बांग्लादेश का मुद्दा उठा और वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर चिंता जाहिर की गई। सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की वजह राजनीतिक ही नहीं बल्कि धार्मिक भी है।
अरुण कुमार ने बयान में कहा कि हम बांग्लादेश के हिंदू वर्ग के साथ एकजुटता दिखाते हैं। हमने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताई है। हमें ये नहीं मानना चाहिए कि इस हिंसा की वजह सत्ता में बदलाव के चलते राजनीतिक ही है बल्कि इसका धार्मिक कारण भी है।




**'भारत और पड़ोसी देशों के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश'**
अरुण कुमार ने कहा कि 'धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा अल्पसंख्यकों और हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

**उल्लंघन**

**▶▶ बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहाः सह-सरकार्यवाह अरुण**

कोई नई नहीं है। साल 1951 में बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 7.95 प्रतिशत रह गई है। यह बड़ी गिरावट है। इस बार जो हिंसा हो रही है, उससे ऐसा लग रहा है कि इसे सरकार और सरकारी संस्थानों का भी समर्थन है। वहां भारत विरोध बढ़ रहा है।

# 388 भारतीयों को अमेरिका से भेजा गया भारत वापसः कीर्ति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद को बताया कि जनवरी 2025 से अब तक लगभग 388 भारतीय नागरिकों को अमेरिका से वापस भेजा गया है। इनमें से 333 भारतीयों को फरवरी में तीन अलग-अलग उड़ानों से सीधे अमेरिका से भारत भेजा गया।
**विदेश राज्य मंत्री ने दी जानकारीः** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि अमेरिका ने पनामा के रास्ते वाणिज्यिक उड़ानों से 55 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा है। विदेश मंत्रालय से पूछा गया कि क्या केंद्र सरकार को इस वर्ष अमेरिका से निर्वासित किए जाने वाले व्यक्तियों का विवरण प्राप्त हुआ है और क्या सरकार ने अमेरिकी अधिकारियों से उनके लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय से यह भी पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री ने निर्वासित लोगों के साथ किए गए गलत व्यवहार के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति और शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष चिंता व्यक्त की है।
अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारियों ने हाल ही में हमारे साथ 295 अतिरिक्त व्यक्तियों से संबंधित जानकारी साझा की है।

**निर्वासित**

**▶▶ अमेरिका ने पनामा के रास्ते वाणिज्यिक उड़ानों से 55 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा**

# अफवाह फैलने के बाद हिंसा हुईः फडणवीस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः** महाराष्ट्र के नागपुर में 17 मार्च को दो गुटों के बीच हुए सांप्रदायिक हिंसा के चलते राज्यभर में सियासी गर्माहट तेज है। हालांकि इस हिंसा को लेकर आय दिन कोई ना कोई बड़े दावे किए जा रहे है। इसी बीच एक दावा ये भी सामने आया है कि इस हिंसा में विदेशी या बांग्लादेशी हाथ है? इस पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपनी प्रतिकिया दी। साथ ही उन्होंने कहा कि विदेशी या बांग्लादेशी हाथ होने पर टिप्पणी करना अभी जल्दीबाजी होगी। इस बात की जांच जारी है। बता दें कि बीते 17 मार्च को नागपुर में हुए हिंसा के बाद शनिवार को पहली बार सीएम फडणवीस नागपुर पहुंचे। जहां उन्होंने शहर में कानून व्यवस्था के संबंध में नागपुर पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की।
**बैठक के बाद बोले फडणवीस**
पुलिस अधिकारियों के साथ घटना की समीक्षा करने के बाद सीएम फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत की।




**जांच जारी**

**▶▶ विदेशी या बांग्लादेशी हाथ होने पर टिप्पणी करना अभी जल्दीबाजी होगी। इस बात की जांच जारी है**

## मणिपुर के शिविर में नौ साल की बच्ची के मृत मिलने से हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल।** मणिपुर के चूड़चंदपुर जिले में एक राहत शिविर में नौ साल की बच्ची मृत पाई गई। इससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बच्ची लापता थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के लिए 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उधर, राज्य में विभिन्न अपराधों में शामिल पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

# छात्र यूएस के कानूनों का पालन करेंः विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों को स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए। हाल ही में हमास के समर्थन के आरोप में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन के वीजा रद कर दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों भारतीयों ने सहायता के लिए अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क नहीं किया। अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग ने वॉशिंगटन डीसी स्थित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के पोस्टडॉक्टरल फेलो बदर खान सूरी को हिरासत में लिया। उन पर "हमास के दुष्प्रचार को बढ़ावा देने" के आरोप लगे हैं। अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने सूरी के निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है। वीजा और आव्रजन नीतियों पर निर्णय लेना प्रत्येक देश का संप्रभु अधिकार है और वहां रह रहे सभी लोगों को इन कानूनों का पालन करना चाहिए।



**परामर्श**

**▶▶ जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र को किया गया गिरफ्तार**

**योजना**

वित्त वर्ष तक 15.52 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के 14 लाख करोड़ रुपये की बिक्री उत्पन्न की

# सरकार ने 10 पीएलआई योजनाओं के लिए जारी किए 14,020 करोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई पीएलआई योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा सहित दस क्षेत्रों के लिए 14,020 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इस योजना ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष तक 15.52 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 14 लाख करोड़ रुपये की बिक्री उत्पन्न की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, "10 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत करीब 14,020 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है।" मंत्रालय ने कहा, "अधिकांश परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं और समय आने पर प्रोत्साहन दावे दायर किए जाएंगे।" ये क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी हार्डवेयर, थोक दवाएं, चिकित्सा उपकरण, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, व्हाइट गुड्स, वाहन और ऑटो घटक तथा ड्रोन हैं।
मंत्रालय ने कहा कि अबतक 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 764 आवेदनों को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत नवंबर 2024 तक लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये (18.72 अरब यूएस डॉलर) का वास्तविक निवेश दर्ज किया गया है, जिससे वित्त वर्ष 2024-25 तक 15.52 लाख करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 162.84 अबर यूएस डॉलर) का उत्पादन/बिक्री उत्पन्न हुई है, जबकि 11.5 लाख से अधिक (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) रोजगार सृजित हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक पारदर्शी तंत्र के जरिए समय-समय पर अलग-अलग मामलों को मंजूरी दी गई है।



**प्रोत्साहन**

**▶▶ परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं और समय आने पर प्रोत्साहन दावे दायर किए जाएंगे**

# नागपुर हिंसाः इलाज के दौरान हुई पहली मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** नागपुर हिंसा में घायल 38 वर्षीय इरफान अंसारी की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। नागपुर हिंसा में इरफान अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनको शहर के मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दरअसल, 17 मार्च को नागपुर रेलवे स्टेशन जाते समय उन पर हमला हुआ था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।
**मृतक के भाई ने क्या कहा?**
मृतक इरफान अंसारी के भाई इमरान सानी ने कहा कि हमने उसे बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन हम नहीं बचा पाए, डॉक्टरों ने उसका अच्छा इलाज किया, लेकिन वे उसे बचा नहीं पाए। मेरा भाई इरफान अंसारी ऑटो में बैठकर रेलवे स्टेशन के लिए निकला था।
बीच में ऑटो वाले ने उससे कहा कि वह (ऑटो वाला) आगे नहीं जाएगा क्योंकि माहौल ठीक नहीं है।
उन्होंने बताया कि फिर मेरे भाई ने रेलवे स्टेशन तक पैदल जाने का फैसला किया। रास्ते में कुछ अज्ञात लोगों ने उस पर इतना हमला किया कि वह बेहोश हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं, पैर टूट गया, पीठ में चोट आई। उसने कहा कि उस पर लोगों ने हमला किया। हम आरोपियों के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग करते हैं। भविष्य में किसी के साथ ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण व्यवहार न हो।



**इंसाफ की मांग**

**▶▶ इमरान सानी ने कहा कि हमने उसे बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन हम नहीं बचा पाए**

# अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों पर बड़ी कार्रवाई

## पुलिस आठ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर छह को किया डीपोर्ट, घुसपैठियों की मदद करने वाले आठ भारतीय भी दबोचे गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिला पुलिस ने अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे बांग्लादेशियों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जिले में अलग अलग जगह से 18 बांग्लादेशियों को पकड़ा है। इनमें से पुलिस ने आठ को गिरफ्तार किया है, जबकि छह को डीपोर्ट कर दिया। इसके अलावा चार से पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनकी मदद करने वाले आठ भारतीय आरोपितों को भी दबोचा है।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि अवैध प्रवासियों से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आइडी और भारतीय पासपोर्ट जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के ठिकानों की तलाशी ली तो वहां से 23 वोटर कार्ड, 19 पैन कार्ड, 17 आधार कार्ड, सीपीयू, 11 जन्म प्रमाण पत्र और छह बलैंक वोटर आइडी कार्ड बरामद किए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विदेशी अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने इन्हें शरण देने और इनके फर्जी दस्तावेज बनवाने वाले आठ भारतीय नागरिकों पर भी केस दर्ज किया है। इन भारतीय आरोपितों ने इन्हें फर्जी दस्तावेजों पर नौकरी और किराए पर मकान भी दिलवाए।



**पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आठ बांग्लादेशी**

फर्जी दस्तावेज बनवाकर दिल्ली में रहने वाले बांग्लादेशियों में मोहम्मद ज्वेल इस्लाम, मोहम्मद आलमगीर, मोहम्मद लतीफ खान, मोहम्मद नदीम शेख, मोहम्मद मिजानुर रहमान, रबीउल, मोहम्मद रेजाउल और कमरुज्जमां शामिल हैं। इनमें मोहम्मद लतीफ कूड़ा बीनने का काम करता है। वह रिश्तेदारों के माध्यम से बांग्लादेश में पैसे भेजता है। मोहम्मद मिजानुर रहमान स्क्रैप डीलर के रूप में काम करता है। रबीउल डिफेंस कॉलोनी के एक अस्पताल में अटेंडेंट के तौर पर काम करता है। कमरुज्जमां जोमैटो डिलीवरी ब्वाय के रूप में काम करता है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड मोहम्मद मोइनुद्दीन दिल्ली में एक कंप्यूटर की दुकान चलाता था। ये आरोपित ही फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सहित प्रवासियों के अन्य दस्तावेज तैयार करता था। जबकि शाहीन नाम का आरोपित प्रवाासियों को नौकरी दिलाता थ। अन्य आरोपित मनवर हुसैन और निमाई करमाकर ने बांग्लादेश में अवैध रूप से मनी पैसे भेजे।

**काबू किया**

**23 वोटर कार्ड, 19 पैन कार्ड, 17 आधार कार्ड, सीपीयू, 11 जन्म प्रमाण पत्र और बलैंक वोटर आइडी कार्ड बरामद किए**

**मोहम्मद रेजाउल 2007 में आया था भारत**

पुलिस जांच में सामने आया कि बांग्लादेशी ज्वेल इस्लाम और मोहम्मद आलमगीर फर्जी आधार और पैन कार्ड के साथ पिछले कई साल से दिल्ली में रह रहे थे। मोहम्मद आलमगीर ने 2007 में दिल्ली आकर फर्जी दस्तावेज बनवाकर अपने बच्चों का दाखिला भारतीय स्कूलों में भी करा लिया। इसी तरह आरोपित मोहम्मद रेजाउल वर्ष 2000 से दिल्ली में अवैध रूप से रह रहा है। उसने भारतीय पासपोर्ट भी बनवा लिया और पिछले दो साल में 22 बार भारत और बांग्लादेश की यात्रा कर चुका है। आरोपित वर्तमान में कैब ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। इसके अलावा कमरुज्जमां 2014 में फर्जी आईडी के साथ भारतीय डिलीवरी एजेंट के रूप में आया था।

**मनी लॉन्ड्रिंग कर हवाला के जरिए भेजते हैं पैसा**

ये लोग बांग्लादेशी में पैसा भेजने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग कर रहे थे। पहले पैसे को भारतीय बैंक खातों में जमा करते थे। फिर यूपीआइ के माध्यम से सीमा एजेंटों को ट्रांसफर कर देते थे। फिर हवाला के जरिए पैसा प्रवासियों के बांग्लादेश में रहने वाले परिवारों को दिया जाता था। आरोपित दिल्ली में शरण लेने के लिए अधिकतर अपने पुराने रिश्तेदारों के पास पहुंचते थे। फिर यहां उन्हें कम वेतन की वजह से काम भी मिल जाता था।

**नौकरी सहित अन्य सुविधा देने वाले भारतीय आरोपित**

अवैध प्रवासियों को नौकरी सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने वाले आठ भारतीयों को भी दबोचा है। इनमें बांग्लादेशियों के फर्जी दस्तावेज बनाने वाला निजामुद्दीन निवासी मोहम्मद मोइनुद्दीन, नौकरी दिलाने वाला मोहम्मद शाहीन, आधार कार्ड बनवाने वाला जुल्फिकार अंसारी, जावेद, फरमान खान, प्रवासियों के रिश्तेदारों को पैसा भेजने वाला मनवर हुसैन, निमाई कर्माकर और गौरंगा दत्ता शामिल है।

# बंटी-बबली की जोड़ी पुलिस गिरफ्त में



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कृष्णा नगर में बॉलीवुड फिल्म बंटी और बबली से प्रेरित होकर झपटमारी करने वाले बंटी और बबली की जोड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों कृष्णा नगर में लगातार वारदात को अंजाम दे रहे थे। एक महिला से फोन झपटने के दौरान दोनों सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान त्रिलोकपुरी हरिजन कॉलोनी निवासी अमन और संगम विहार निवासी साक्षी के रूप में हुई है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि 18 मार्च को कृष्णा नगर में पुलिस को झपटमारी की सूचना मिली। मौके पर पुलिस को शिकायतकर्ता ईस्ट आजाद नगर निवासी भारती कपूर मिली। उन्होंने बताया कि सुबह करीब आठ बजे एक लड़का और एक लड़की बाइक पर आए और उनका मोबाइल झपटकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आस पास के इलाके में लगे कैमरों की फुटेज को खंगाला, जिसमें बदमाशों की तस्वरी कैद थी। पुलिस ने बदमाशों के भागने की दिशा में लगे 60 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस को बाइक का नंबर भी मिल गया। पुलिस ने बाइक के मालिक की पहचान करने के बाद आरोपी अमन और साक्षी को पकड़ लिया।

# पीछे से वार कर पिता की ली जान, रची साजिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा:** कासना कोतवाली पुलिस ने पिता की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान स्थायी बोहरा गांव थाना टेढागाज किशंनगंज बिहार के संतोष बोसक के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में बिसवाना गांव थाना सिकन्द्राबाद बुलंदशहर में रह रहा था। आर्थिक तंगी से जूझ रहे आरोपी ने बीमा राशि हड़पने के लिए अपने ही पिता की हत्या की साजिश रची थी।



दो दिसंबर 2024 को आरोपी संतोष बोसक ने ही कासना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता प्रकाश बोसक की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी है। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और मौके से अहम सबूत जुटाए थे। साक्ष्यों और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से पुलिस को शक हुआ कि हत्या में मृतक का बेटा ही शामिल है। जांच में पता चला कि मृतक प्रकाश बोसक मूल रूप से बिहार के किशनगंज जिले के रहने वाले थे। करीब 20 साल पहले वह नोएडा आकर बस गए थे।

**ईएमआई चुकाना हो रहा था मुश्किल**

वर्ष 2022 में प्रकाश बोसक और उनके बेटे संतोष ने एक निजी बैंक से 12.5 लाख रुपये का होम लोन लिया था, जिससे उन्होंने बुलंदशहर में एक मकान खरीदा। लेकिन हर महीने 12,500 रुपये की ईएमआई चुकाना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। पुत्र और पिता ने मिलकर दूसरा लोन लेने की योजना बनाई और एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से 21 लाख रुपये का कर्ज लिया, जिसमें से 12.5 लाख रुपये पुराने लोन को चुकाने में खर्च हो गए। बाकी 7.69 लाख रुपये संतोष ने अपने मसाला पैकेजिंग बिजनेस के खाते में जमा कर दिए।

# डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक से 40 लाख ठगो

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के पूर्व वैज्ञानिक से 40 लाख रुपये की ठगी की जांच में दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराधियों के बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी इकबाल अंसारी, साजिद खान, सलमान खान और नरेंद्र कुमार झारखंड के देवघर व राजस्थान के मेवात से धंधा चला रहे थे। इनके पास से पांच स्मार्टफोन, पीड़ितों के बारे में ब्योरा और अन्य दस्तावेज मिले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों से संपर्क करते थे। एंड्रॉयड पैकेज किट (एपीके) फाइल के रूप में मालवेयर इंस्टॉल कर देते थे और बैंक खाते, पैन कार्ड समेत अन्य जानकारी चुरा लेते थे।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन कुमार अग्रवाल, पुत्रः** नामालूम, **पताः** मकान नंबर 100, राधेपुरी एक्सटेंशन, जगतपुरी, दिल्ली ने कोर्ट मुकदमा सं. **948/2019, U/s 200 Cr. P.C., थानाः जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन कुमार अग्रवाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन कुमार अग्रवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट मुकदमा सं. **948/2019, U/s 200 Cr. P.C., थानाः जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किशन कुमार अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी – 05
कमरा नं. 07, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3463/SHD/2025
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ट मंड्ल अभियंता/समन्व्य, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e- निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली मंडल में सीनियर डीईएन/सी/डीएलआई के तहत विभिन्न लेवल क्रॉसिंगों पर ड्यूटी हट्स पर सुरक्षा पिंजरों का प्रावधान और ड्यूटी हट्स की मरम्मत का कार्य। | रु. 17010999.54 | रु. 235100/- | 06- माह. | 15.04.2025 |

**सुचनाः** निविदा रेलवे की वैबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 15.04.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी. **पत्र सं.–128–ड्ब्ल्यु/वं.मं.अभि./ सं/ निविदा–34-2024-25-ड्ब्ल्यु सी दिनांक– 21.03.2025** **894/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**टेंडर नोटिस सं. 106/2024-2025 दिनांकः 21.03.2025**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02241692A | एल इ डी टाइप इमर्जेन्सी लाइट यूनिट | 1637 नग | 14.04.25 |
| 02 | 12255003 | डिजाइन मैनुफैक्चर सप्लाई इंस्टालेशन टेस्टिंग कमीशनिंग | 57 नग | 14.04.25 |
| 03 | 77259014 RGC | जोगल्ड फिश प्लेट 60 कि. ग्राम आर डी एस ओ ड्राइंग न. टी-5849 | 112842 सेट | 15.04.25 |
| 04 | 19250913 | 23 टीथ पिनियन फॉर हिताची | 263 नग | 15.04.25 |
| 05 | 77259007 RGC | 6400 एम एम ओ/आर कर्वड फैन शेप्ड स्विच | 300 सेट | 15.04.25 |
| 06 | 77259002 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर ई आर.सी.मार्क - V (T - 5919) | 23042110 नग | 15.04.25 |
| 07 | 09252205 | पिन विथ वॉशर एंड बल्ब कटर | 30912 नग | 18.04.25 |
| 08 | 77259015 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर सी एम एस क्रासिंग (टी-4220 एण्ड टी-4967) | 2097 सेट | 21.04.25 |

**निविदा शर्तेः-** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वैबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
890/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल पुत्र हुकुम चंद पताः मकान नं एल–342, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 18/2017 धारा 354ए/354डी/500/506/509 भा.द.स. के तहत** थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 18/2017 धारा 354ए/354डी/500/506/509 भा.द.स. के तहत थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के उक्त विशाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
महिला कोर्ट–01, कमरा नं.106,
नार्थ – वेस्ट, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3585/NW/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया **मोहन सिंह, पुत्रः मदन सिंह, निवासीः एन–63, मंगोल पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.31/2019 U/S 12/9/55 जुआ अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **मोहन सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **मोहन सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.31/2019 U/S 12/9/55 जुआ अधिनियम, थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के आरोपी उक्त **मोहन सिंह** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **28.04.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
उत्तर–पश्चिम जिला, कमरा नं.105,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/3561/OD/2025
(अदालती मामला)

## भारतीय मानक ब्यूरो

गाजियाबाद शाखा, कार्यालय

सत्यमेव जयते
भारतीय मानक ब्यूरो

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः 22.03.2025**

**भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा "क्वालिटी कनेक्ट" कार्यक्रम का आयोजन**

भारतीय मानक ब्यूरो ग़ाज़ियाबाद शाखा कार्यालय (BIS - GZBO) द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर शाखा के अंतर्गत आने वाले सभी 9 ज़िलों – पूर्वी दिल्ली, ग़ाज़ियाबाद, हापुड़, मेरठ, बागपत, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, एवं ज्योतिबा फुले नगर में एक विशेष "क्वालिटी कनेक्ट" कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24-03-2025 से 29-03-2025 के मध्य किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के तहत हमारे मानक मित्र (इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र छात्राएं)– जिले के सभी सरकारी अधिकारियों को भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत कराएंगे, जिससे मानकीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। तथा आपकी जानकारी भारतीय मानक ब्यूरो के क्वालिटी कनेक्ट ऐप के माध्यम से हम तक पहुंचाएंगे।

भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद शाखा कार्यालय सभी सरकारी अधिकारियों से अनुरोध करती हैं कि वे हमारे मानक मित्रों का सहयोग करें और "क्वालिटी कनेक्ट" कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

**धन्यवाद।**
**कुमार अनिमेष**
**निदेशक एवं शाखा प्रमुख**
**भारतीय मानक ब्यूरो, गाजियाबाद शाखा कार्यालय**

## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

**मैं वरुण मंगला S/O श्री सत्य प्रकाश R/O T-2 इंदिरा कालोनी, नरेला दिल्ली 110040 का स्थायी निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड संख्या न.- 908786024137 व पैन कार्ड नं.-ALDPM3155E में मेरा नाम वरुण मंगला लिखा है जबकि मेरे पासपोर्ट नं. N2713107 मे मेरा नाम वरुण कुमार लिखा है। वरुण मंगला और वरुण कुमार एक ही व्यक्ति का नाम है।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 10,000 सुझावों संग कल से शुरू होगा बजट सत्र

## सरकार दिल्लीवासियों की भागीदारी के लिए धन्यवाद करती है, इस बजट से एक सकारात्मक परिणाम मिलेगा: सीएम रेखा गुप्ता

**बजट की तैयारी**

**बजट पेश होने के साथ ही डबल इंजन की सरकार का काम अगले गियर में होते हुए सभी को दिखाई देगा: सीएम**






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि ये बजट दिल्ली सरकार का नहीं दिल्ली की जनता का है। सरकार दिल्लीवासियों की भागीदारी के लिए धन्यवाद करती है। इस बजट से एक सकारात्मक परिणाम मिलेगा। इसमें लोगो की अपेक्षाओं का ध्यान रखा गया है। विकसित दिल्ली बजट को दिल्ली सरकार अंतिम रूप दे रही है। 24 से 28 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र में इसे पेश कर दिया जाएगा। इस बजट में खास बात यह है कि सभी वर्गों से लिए गए 10,000 के करीब सुझावों को समाहित किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी कहा है कि यह दिल्ली की जनता की अपेक्षाओं पर सौ फीसदी खरा उतरेगा। बजट पेश होने के साथ ही डबल इंजन की सरकार का काम अगले गियर में होते हुए सभी को दिखाई देगा, क्योंकि सरकार बनने के तुरंत बाद से दिल्ली को विकसित करने के एजेंडा के साथ सभी विभाग काम कर रहे है और सभी वर्गों के लोगो का जीवन सुधारने का ध्येय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए किया गया है। विधानसभा में पेश होने वाले बजट के लिए सरकार ने ईमेल और व्हाट्सएप नंबर जारी किया था। ईमेल पर 3303 और व्हाट्सएप से 6,000 लोगों का सुझाव दिल्ली सरकार को मिला, जिसमें सभी वर्ग मसलन डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबुद्ध वर्ग, किसान, महिला, छात्र, व्यापारी आम लोग शामिल है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि ये बजट दिल्ली सरकार का नहीं दिल्ली की जनता का है। सरकार दिल्लीवासियों की भागीदारी के लिए धन्यवाद करती है। इस बजट से एक सकारात्मक परिणाम मिलेगा। इसमें लोगो की अपेक्षाओं का ध्यान रखा गया है।

**विशेषकर महिलाओं का ध्यान रखा गया**

साधारण नागरिकों के साथ ही विशेषकर महिलाओं का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित दिल्ली के सपने को पूरा करने की दिशा में हर क्षेत्र को ध्यान रखेंग। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाएगा। दिल्ली सरकार के सूत्रों की माने तो पेश होने वाले बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, ईवी परिवहन, यमुना पर फोकस रहेगा। साथ ही महिला सम्मान राशि और पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलिंडर गरीबों को देने का रोड मैप रहेगा। इसके साथ ही दिल्ली के उद्योग को बढ़ावा देने और मध्यम वर्ग पर भी विशेष ध्यान रह सकता है।


**दिल्ली का विकास, खीर की मिठास**

दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के एक दिन पहले विधानसभा परिसर में खीर बांटी जाएगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली का विकास, खीर की मिठास के साथ। विधानसभा में विशिष्ट अतिथियों को भी बुलाया जाएगा। बजट सेशन खीर के साथ शुरू होगा। सोमवार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीएम ने कहा कि 24 से 28 मार्च तक बजट सत्र बुलाया गया है। लेकिन इस सत्र को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने 14 विधायकों को एमसीडी में नामित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में प्रतिनिधित्व करने के लिए 14 विधायकों को नामित किया है। इस अवसर पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि नामित विधायकों की भूमिका एमसीडी को बजट निर्माण, नागरिक प्रशासन और शहरी शासन में सहयोग देने की होगी।जिससे दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सके। ये नामित विधायक अनिल कुमार शर्मा (आरके पुरम), चंदन कुमार चौधरी (संगम विहार), जितेंद्र महाजन (रोहतास नगर), करनैल सिंह बस्ती (शकूर बस्ती), मनोज कुमार शौकीन (नांगलोई जाट), नीलम पहलवान (नजफगढ़), प्रद्युम्न सिंह राजपूत (द्वारका), प्रवेश रत्न पटेल (पटेल नगर), राज कुमार भाटिया (आदर्श नगर) है।

## 1 अप्रैल से ओवरएज वाहनों के ईंधन भरवाने पर लगेगी रोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 1 अप्रैल से ओवरएज पेट्रोल और डीजल वाहनों को ईंधन भरवाने पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। शहर के 80% से अधिक पेट्रोल पंपों पर ऐसे डिवाइस लगाए गए हैं, जो डीरजिस्टर्ड वाहनों की पहचान करेंगे। पेट्रोल पंपों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, जो ओवरएज और वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना चल रहे वाहनों की पहचान करेंगे।

**सख्त कार्रवाई का प्रावधान:** अगर कोई नियम विरुद्ध वाहन ईंधन भरवाने आता है, तो सिस्टम उसे फ्लैग कर देगा और पंप कर्मी उसे ईंधन देने से मना कर देंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि पंपों पर प्रदूषण निगरानी उपकरण भी लगाए जा रहे हैं।

**डीरजिस्टर्ड वाहन जब्त होंगे:** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुसार, पंजीकरण के बाद 10 साल से सड़क पर चल रहे डीजल वाहन और 15 साल से सड़क पर चल रहे पेट्रोल वाहन परिवहन विभाग के डेटाबेस से अपने आप ही डीरजिस्टर्ड हो जाते हैं। अगर पुराने वाहन सार्वजनिक स्थानों या सड़क पर खड़े पाए जाते हैं, तो परिवहन विभाग उन्हें जब्त कर लेता है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों को कबाड़ में बदलने के लिए उनके मालिकों को प्रोत्साहन देने वाली नीति भी शुरू की है। सरकार ने ओवरएज वाहनों को स्क्रैप करने पर प्रोत्साहन नीति भी लागू की है।

## राजघाट पावर हाउस का होगा कायापलट, तैयारी पूरी


**इंटरटेनमेंट**

**दिल्ली का नया इंटरटेनमेंट जोन बनाने की हो रही तैयारी; होंगी ये सुविधाएं थियेटर, सिनेमा हॉल,**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दस साल से खंडहर में तब्दील हो रहा राजघाट पावर हाउस निकट भविष्य में राजधानी का नया मनोरंजन स्थल होगा। यहां मनोरंजन से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं तो होगी ही, पावर हाउस से जुड़ीं पुरानी यादें ताजा करने के लिए एक 5डी म्यूजियम स्थापित कर आगंतुकों को यह भी बताया जाएगा कि कोयले से बिजली किस तरह बनती है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सुझाव और पहल पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इसे लेकर एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) के तहत चार अप्रैल तक विशेषज्ञ एजेंसियों से प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है।

## आईपी यूनिवर्सिटी ने शुरू किया नया प्रोग्राम




**घोषणा**

**यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से एक नया प्रोग्राम- पीजी डिप्लोमा इन बायोइन्फार्मेटिक्स शुरू करने की घोषणा की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से एक नया प्रोग्राम- पीजी डिप्लोमा इन बायोइन्फार्मेटिक्स शुरू करने की घोषणा की है। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए 11 अप्रैल तक ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. कमल पाठक के अनुसार, कई विदेशी यूनिवर्सिटी में यह प्रोग्राम पहले से चल रहा है और आज भी उतना ही प्रासंगिक बना हुआ है। अपने देश में भी इस प्रोग्राम को लेकर छात्रों की डिमांड के मद्देनजर इसे शुरू किया जा रहा है। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन फार्मास्यूटिकल साइन्स (सीईपीएस) में उपलब्ध है। इस एक वर्षीय प्रोग्राम में कुल 20 सीटें उपलब्ध हैं। इसमें दाखिले के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र के साथ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 2,500 रुपये का बैंक ड्राफ़्ट विश्वविद्यालय सुविधा केंद्र में 11 अप्रैल 3 बजे शाम तक जमा कराना है। इस प्रोग्राम में बीसीए, एमबीबीएस, बीएससी, बीटेक (बायोटेक) आदि कर चुके छात्र आवेदन कर सकते हैं। डॉ. पाठक ने बताया कि इस प्रोग्राम में दाखिला यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा की मेरिट समाप्त होने के बाद सीयूईटी स्कोर के आधार पर भी दाखिला दिया जाएगा।

## मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो बदमाशों को दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने शुक्रवार रात डीडीए ग्राउंड, निरंकारी भवन के पास मुठभेड़ के बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान विशाल उर्फ बादल और कन्हैया उर्फ अमित के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की स्कूटी व एक व दो पिस्तौल बरामद की है। शुरूआती जांच में पता चला है कि विशाल उर्फ बादल अशोक विहार में हत्या व डकैती के मामले में वांछित चल रहा था जबकि कन्हैया उर्फ अमित समयपुर बादली इलाके में हुई डकैती के मामले में वांछित था। उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने शनिवार को बताया कि बीती देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि दो बदमाश निरंकारी भवन के पास किसी से मिलने के लिए आने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया। देर रात स्कूटी पर पुलिस को दो संदिग्ध युवक स्कूटी से आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाब में पुलिस ने भी की।



## न्यूज फ्लैश

### प्रो. संजीव शर्मा ने संभाला पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. संजीव शर्मा ने शनिवार को आगामी तीन वर्षों के लिए पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने आर्ट्स फैकल्टी के सामने पौधारोपण भी किया। प्रो. संजीव शर्मा ने इस जिम्मेवारी को सौंपने के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट किया और पूरी लगन व निष्ठा के साथ कार्य करने की बात की। उन्होंने कहा कि वे विभाग में प्रोजेक्ट आधारित शोध को बढ़ावा देंगे व एलुमनी के सहयोग से विभाग को शैक्षणिक दृष्टि से आगे बढ़ाएंगे। प्रो. संजीव शर्मा एकेडमिक काउंसिल व फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे। इस अवसर पर प्रो. पुष्पा रानी, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो. मनोज जोशी, प्रो. जोगिन्द्र सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. विकास सब्बरवाल, डॉ. वैशाली जैन, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. अंजलि अग्रवाल, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. संजय कौशिक, डॉ. हेमलता, डॉ. प्रेमलता, डॉ. निधि बगरिया, डॉ. गुरदीप सिंह, कैप्टन परमजीत सहित शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद थे।

### यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी शहीदी दिवस पर रक्तदान एवं मेडिकल कैंप लगाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**यूथ** ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा शहीदी दिवस पर रक्तदान एवं मेडिकल कैंप लगाया गया जिसमें मुख्य अतिथि विनोद पाल होलकर झांसा पहुंचे उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह कि शहादत की वजह ही देशवासी खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उनके द्वारा अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराने की अहम भूमिका निभाई शहीद भगत सिंह जैसे देशभक्तिओ ने अपनी जान की परवाह नही कि अपने प्राणों कि कुर्बानियां दे दी, ऐसे महापुरुषों के जन्म महोत्सव को शहादत दिवस के रूप में मनाया जाए। जैसे रक्तदान एवं मेडिकल कैंप व पौधारोपण जैसे कार्यक्रम कर उनको एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल कैंप ने जरूरतमंदों को मेडिकल सुविधा प्रदान कि। कैथल ब्लड बैंक की टीम द्वारा ब्लड एकत्रित किया । इस मौके समाजसेवी

# ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से किया गया विस्तार

**फैसले**

▶▶ नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलों की माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की प्रदेश स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी वालिया की अध्यक्षता में एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देसराज भटनागर व राजकुमार वालिया के सानिध्य में प्रदेश कार्यालय कुरुक्षेत्र सेक्टर-17 नजदीक पुराना बस स्टैंड के पास संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम संघ पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके उपरांत सेक्टर-17 स्थित प्रदेश स्तरीय कार्यालय का विधिवत तरीके से शुभारंभ किया गया। नए कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का सर्वसममति से विस्तार किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपप्रधान देसराज भटनागर, मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, संरक्षक सुशील शर्मा, जिला महासचिव गुलशन ग्रोवर ने सभी सदस्यों को नए प्रदेश कार्यालय के शुभारंभ पर बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि नया कार्यालय खुलने से पत्रकार मीटिंग कर अपने समस्या रख सकेंगे, इससे आपसी भाईचारा व तालमेल भी बना रहेगा। बैठक में दो सदस्यों की सर्वसम्मति से रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की गई है। ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी वालिया ने बैठक में नए सदस्यों की घोषणा करते हुए बताया कि गुडगांव से वरिष्ठ पत्रकार कुलभूषण शर्मा को ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ का प्रदेश महासचिव व वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार वालिया को प्रदेश का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलों की माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे और पत्रकार एकता संघ को प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए जिलाध्यक्ष व ब्लॉक स्तर पर भी नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की बात कही और संघ को मजबूत करने के प्रयास बारे में कहा गया। इसके साथ-साथ कहा गया कि प्रदेश के पत्रकारों की समस्याओं को सरकार से अवगत करवाया जाएगा और उन्हें हल करवाने का भी प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपप्रधान डीआर भटनागर,मुख्य संरक्षक दलबीर मलिक, मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, महासचिव कुलभूषण शर्मा, संरक्षक सुशील शर्मा के अलावा ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ कुरुक्षेत्र जिला के महासचिव गुलशन ग्रोवर, उपप्रधान संजीव कुमार, संगठन सचिव अनिल वर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार कौशिक, समशेर सिंह व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सेंट जोसफ स्कूल के विद्यार्थियों को दी विदाई पार्टी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला स्थित सेंट जोसफ दसवीं की कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज पवित्र ज्योति प्रज्वलित करके किया गया। 9वीं कक्षा के छात्रगण द्वारा इस विदाई समारोह को मनोरंजक बनाने के लिए डांस, संगीत व खेल प्रतियोगिता प्रस्तुत की गई। दसवी के छात्रगण के लिए मॉडलिंग के तीन राउंड रखे गए जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए उनको टाइटल दिए गए और आखिरी राउंड ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी के पश्चात पुनीत मास्टर सेंट जोसफ और मिस भूमिका सेंट जोसफ चुने गए। इसके पश्चात दसवी कक्षा की छात्रा परनीत कौर द्वारा स्कूल प्रशासन व अध्यापिकाओं को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया गया। अंत में डायरेक्टर किरण बनर्जी , डिप्टी डायरेक्टर आशिमा किरण बनर्जी व प्रधानाचार्या महोदया भावना छिब्बर ने दसवीं कक्षा के छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

**प्रतियोगिता**

▶▶ विदाई समारोह को मनोरंजक बनाने के लिए डांस, संगीत व खेल प्रतियोगिता प्रस्तुत की गई

# विज्ञान केन्द्र में विश्व जल दिवस का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में ह्यविश्व जल दिवसह्य का आयोजन किया गया। उन्होंने विश्व जल दिवस, जल संरक्षण व जल की गुणवत्ता के महत्त्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विश्व जल दिवस 2025 के थीम ग्लेशियरों को बचाए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव और ऐसा न हो इसके उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वनों की रक्षा करें ,पेड़ लगाएं ताकि ग्लोबल वार्मिंग न हो वरना पीने योग्य मीठे पानी के स्त्रोत ग्लेशियर पिघल कर खत्म होने लगेंगे और इससे बाढ़ आदि कई प्रकार के खतरे हो जाएंगे। ग्लेशियरों के पिघलने से सागर का जलस्तर बढ़ जाएगा और इससे समुद्री तट के नजदीक के इलाकों को भी भारी दिक्कत का सामना पड़ जाएगा। केंद्र के परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि ग्लेशियर पृथ्वी पर जीवन के लिए बहुत आवश्यक है।

# कोई हमारा अपमान करता है तो वो उनके संस्कार दर्शाता है, हमारे नहीं: बीके शैली

**सही कर्म**

▶▶ हमें सदा अपने व्यवहारिक जीवन में दूसरों के प्रति दिल से धन्यवाद का भाव रखना है



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रहमाकुमारीज शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा ब्लॉक-बी, पालम विहार, अंबाला कैंट में पॉवर ऑफ ग्रटीटुड विषय पर बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहां की हमें सदा अपने व्यवहारिक जीवन में दूसरों के प्रति दिल से धन्यवाद का भाव रखना है। शुक्रिया उनका जो हमें सम्मान देते हैं, लेकिन जो हमसे सही व्यवहार नहीं करते- उनका भी बहुत-बहुत शुक्रिया, वो ना होते तो हम झुकते नहीं, हम झुकते नहीं, तो हमारा अहंकार घटता नहीं, अहंकार घटा, तो हमने सही कर्म किए, सही कर्म ने हमारा श्रेष्ठ भाग्य बनाया, उन्होंने हमारा भाग्य बिगाड़ा नहीं, सँवारा है। कुछ लोगों को हम माफ नहीं कर पाते, उनसे बात भी नहीं करते हैं, लेकिन अगर उनकी गलती हमें याद रहती है, हम उनके बारे में सोचते हैं, उनके बारे में औरों से बात करते हैं, तो हम उन्हें ही याद कर रहे हैं. एक दूसरे से नेगेटिव एनर्जी से जुड़े हुए हैं। कोई हमारा अपमान करता है या हमारे साथ गलत व्यवहार करता है वो उनके संस्कार दशार्ता है, हमारे नहीं, वह इस समय बीमार है, दर्द में हैं ,उनका दर्द अपना कर बीमार ना होना, उनसे नाराज हो, उदास नहीं होना, उन पर रहम करना यह हमारे संस्कार दशार्ता है। हम सारा जीवन धन कमाने की मेहनत करते हैं, धन हमें सामान देता है, हमें आराम देता है। अगर सामान के साथ, सम्मान भी कमाना है, खुशी, सेहत और प्यारे रिश्ते भी बनाने हैं, तो धन से ज्यादा दुआएं कमानी होंगी। जो धन कमाते हैं, वह जरूरी नहीं दुआएं कमाते हैं, लेकिन जो दुआएं कमाते हैं, वह क्षमता से ज्यादा धन कमायेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी शिव चेतन जी ने सबको अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा आप सभी बहुत भाग्यशाली है जो स्वयं भगवान की छत्रछाया में पल रहे हो।

# सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन पड़ सकता है भारी: वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन भारी पड़ सकता है। इस सम्बन्ध में कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने कहा कि जहां अवैध असला रखना कानूनन अपराध है वहीं रुतबा दिखाने के लिए लाईसेंसशुदा हथियारों के साथ सोशल साईट्स फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर पर फोटो टैग करना भी भारी पड सकता है। पुलिस ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कारवाई करेगी और इसके साथ ही उसके शस्त्र लाइसेंस को रद्द करवाने की कार्रवाई भी शुरू होगी। इस सम्बन्ध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किये गए हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर हथियारों का प्रदर्शन करना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि शिकायत होने पर हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वालों को तीन साल तक



जेल की सलाखों के पीछे रहना पड़ सकता है और भारी भरकम जुर्माना भी अदा करना पड सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हथियार भले ही लाइसेंसी हो लेकिन उसका सार्वजनिक प्रदर्शन पूरी तरह से गैर कानूनी है। ऐसा करना असला लाइसेंस जारी करने के लिए तय शर्तों के उल्लंघन एवं असले के दुरुपयोग की परिधि में आता है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पूरी तरह से सार्वजनिक मंच है। लिहाजा वहां हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करना सार्वजनिक प्रदर्शन के दायरे में आता है। ऐसा करने वाले के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान है।

**प्रावधान**

▶▶ पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि जहां अवैध असला रखना कानूनन अपराध है

# केशव पार्क में महायज्ञ में ब्राह्मणों पर हुए गोली कांड का कड़ा विरोध किया

**मांग**

▶▶ सरकार से मांग की है जिसने यह गोली कांड किया है उसके खिलाफ सक्त से सक्त कार्रवाई की जाए



**टीम एक्शन इंडिया**
**अम्बाला कुमार**

**अम्बाला:** परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट की एक आकस्मिक मीटिंग हुई जिसमें कुरुक्षेत्र में केशव पार्क में महायज्ञ में ब्राह्मणों पर हुए गोली कांड का कड़ा विरोध किया है। समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने सरकार से मांग की है जिसने यह गोली कांड किया है उसके खिलाफ सक्त से सक्त कार्रवाई की जाए और ब्राह्मण समाज को इंसाफ दिलाया जाए। ब्राह्मण समाज हवन यज्ञ करके देश और प्रदेश में शांति और खुशहाली चाहता है ब्राह्मण समाज किसी का विरोध नहीं करता किसी का बुरा नहीं करता हम सरकार से पुणे पुरजोर मांग करते हैं इस गोली कांड पर जी भी व्यक्ति है उस पर शकत से सख्त कार्रवाई की जाए नहीं तो ब्राह्मण समाज उसके लिए किसी भी हद तक कोई भी कार्य कर सकता है।

## साई सेंटर से लोहे के पोल चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 स्थित साई स्टेडियम से थ्रोस्टप के दो पोल चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। सेंटर प्रबंधन की तरफ से मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्योरिटी सुपरवाइजर राज सिंह ने बताया कि चोर बहालगढ़ स्थित साई स्टेडियम से थ्रोस्टप के दो पाल चोरी कर ले गए। दीवार फांदकर अंदर घुसे चोरों ने पोल आरी से आटे और दीवार से बाहर फेंक कर अपने साथ ले गए। मामले के लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# बलिदान दिवस पर 32 ने किया रक्तदान: राजीव गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस को समर्पित पिपली अनाज मंडी में 539 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर 174 बार रक्तदान एवं 85 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके, राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान अनाज मंडी पिपली राजीव गोयल मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि समाजसेवी नरेश सैनी ने



शिविर की अध्यक्षता की। वर्ग अनुदेशक अनिल गर्ग, पूर्व प्रधान माम चंद मुकरपुर, दीपक गर्ग, सतपाल बंसल और विनोद गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि राजीव गोयल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान और पुण्य का कार्य है। नियमित रक्तदान से अनेक व्याधियों से छुटकारा मिलता है। समाजसेवी नरेश सैनी ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज का शिविर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस को समर्पित है। हम उनके बलिदान के फलस्वरूप आज स्वतंत्र हैं। आज हम स्वतंत्र हैं। आज देश बलिदान नहीं मांगता और हमें रक्त बहाने की आवश्यकता नहीं है आज केवल थोड़ा रक्त दान कर लोगों के अमूल्य जीवन बचाने की आवश्यकता है।

**शिविर**

▶▶ बलिदान दिवस को समर्पित पिपली अनाज मंडी में 539 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया

# सभी क्षेत्रों में जल संवेदनशील व्यवहार करना जरूरी: प्रो. सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमें जीवन के सभी क्षेत्रों में जल संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस जल, स्वच्छता और आरोग्य से संबंधित एक विशिष्ट विषय पर केंद्रित होता है, जो सतत विकास लक्ष्य 6 (एसडीजी 6) के लक्ष्यों के साथ संरेखित होता है, जिसका उद्देश्य 2030 तक सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है। वे शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूभौतिकी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघ (आईएनसी एंड आईएएच) के भारतीय राष्ट्रीय



अध्याय के सहयोग से विश्व जल दिवस, 2025 के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इन विषयों ने वैश्विक अभियानों, शैक्षिक पहलों और नीति चचाओं का मार्गदर्शन किया है, जिससे जल से संबंधित चुनौतियों की गहरी समझ को बढ़ावा मिला है और यह संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट के जारी होने के साथ भी मेल खाता है, जो वैश्विक जल प्रवृत्तियों और चुनौतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करता है। प्रो. सोमनाथ ने घर पर संरक्षण, बाहरी पानी का जिम्मेदारी से उपयोग, व्यक्तिगत आदतों में बदलाव, सोच-समझकर स्नान और सामुदायिक प्रयासों के माध्यम से हमारे दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में पानी का बुद्धिमानी से उपयोग करने के व्यावहारिक तरीकों पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं जैसे अटल भूजल योजना, मेरा पानी मेरी विरासत योजना, वर्षा जल संचयन और जागरूकता अभियान की भी सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रोफेसर एसके गक्खड़ ने कहा कि मीठे पानी की उपलब्धता के लिए ग्लेशियरों के संरक्षण जरूरी है और स्थायी जल प्रबंधन आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से जल आपूर्ति में कमी, जल चक्र बाधित, पानी की कमी में वृद्धि और पारिस्थितिकी तंत्रों को खतरा होगा। तेजी से पिघलने से पानी का तापमान और प्रवाह पैटर्न बदल जाता है, जिससे जलीय प्रजातियां और उनके आवास खतरे में पड़ जाते हैं।

**भूजल योजना**

▶▶ प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस जल, स्वच्छता और आरोग्य से संबंधित एक विशिष्ट विषय पर केंद्रित होता है

# योगी दिनेश जिंदल का 11 दिवसीय चित्त शुद्धि अनुष्ठान 26 मार्च से

**टीम एक्शन इंडिया**
**अम्बाला कुमार**

**अम्बाला:** योगी दिनेश जिंदल जी का 11 दिवसीय चित्त शुद्धि अनुष्ठान 26 मार्च से अंबाला के जीवन नगर में स्थित #25, संतोष भवन में आयोजित किया जा रहा है। यह अनुष्ठान शरीर, मन और आत्मा की गहराई से शुद्धि का एक विशेष प्रयास है, जो आत्मिक शांति और मानसिक संतुलन की प्राप्ति के लिए किया जा रहा है। योगी दिनेश जिंदल अनुष्ठान के प्रारंभिक दो दिनों तक फलाहार पर रहेंगे, जबकि अगले दो दिन फलाहार के साथ मौन व्रत का पालन करेंगे। 30 मार्च से नवरात्रि के पहले दिन के साथ ही एक नई



ध्यान प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसमें योगी जी अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर ध्यान करेंगे। यह विशेष ध्यान प्रक्रिया योगी जी को बाहरी जगत से पूर्णतः विमुक्त कर आंतरिक ऊर्जा और शांति का अनुभव कराने का माध्यम बनेगी। प्रत्येक दिन शाम 5:30 बजे से संतों द्वारा प्रवचन और सत्संग का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें आत्म-जागृति, जीवन के रहस्यों और मानसिक संतुलन पर चर्चा होगी। अनुष्ठान का समापन 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे पूजा और साधना के साथ होगा जब योगी जी की आंखों की पट्टी पूर्व मंत्री असीम गोयल जी, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा जी और रमेश चंद्र कालिया जी द्वारा खोली जाएगी। इस अंतिम चरण में योगी जी एक नई चेतना, शुद्धता और जागरूकता के साथ उभरेंगे। यह अनुष्ठान मानसिक तनाव, आत्मिक अस्थिरता और अशांत विचारों से मुक्ति पाने का एक मार्ग है।

# जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का शानदार आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एसडी पीजी कॉलेज पानीपत** में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र संगठन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का शानदार आगाज अतिविशिष्ट मेहमानों डॉ अर्चना गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा, कोमल सैनी मेयर पानीपत, दुष्यंत भट्ट जिला अध्यक्ष पानीपत और गजेन्द्र सलूजा अध्यक्ष करनाल लोकसभा निगरानी समिति एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पानीपत की गणमान्य उपस्थिती में हुआ । उनके साथ डॉ राजबीर सिंह मीडिया सेल प्रभारी भाजपा, स्नेह लता और सार्थक कुमार एनवाईसी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । जूरी की भूमिका डॉ वीरेंद्र सोनी वरिष्ठ पत्रकार, रोशन लाल सचदेवा पूर्व चीफ मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक, डॉ अनीता अग्रवाल



एसोसिएट प्रोफेसर दयाल सिंह कॉलेज करनाल, डॉ नरेश ढांडा एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय महाविधालय पानीपत और डॉ अशोक अत्री एसोसिएट प्रोफेसर आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने निभाई । मेहमानों का स्वागत नरेश कुमार गोयल सचिव एसडी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) पानीपत, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान, राजीव गर्ग उप-प्रधान, विशाल गोयल कोषाध्यक्ष और प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पौधा रोपित गमलें भेंट करके किया । तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के माध्यम से माँ सरस्वती की वंदना की गई । विदित रहे कि विकसित भारत युवा संसद का आयोजन देश भर के 301 जिलों में हो रहा है जिसमें हरियाणा के 7 जिले शामिल है और इनमें से पानीपत और सोनीपत जिलों की जिम्मेदारी सनातन धर्म कॉलेज पानीपत को मिली है । जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का थीम ह्यएक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमह्ल है । युवा संसद में के पहले दिन पानीपत और सोनीपत जिले के 18 से 25 वर्ष की आयु के 100 प्रतिभागीयों ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम के समन्वयक डॉ राकेश गर्ग और मंच संचालन डॉ संतोष कुमारी ने किया । कल दूसरे दिन की प्रतियोगिता के पश्चात टॉप 10 विजेताओं की घोषणा की जायेगी जो राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे । इसके बाद राज्य के 3 टॉप विजेता राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे । डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि जब भी भारत का युवा जागता है तो देश खुद-ब-खुद जाग उठता है । देश की दिशा और दशा युवा ही तय करते है । अब सवाल यह है कि अपने देश में ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्ल क्यूँ किया जाए? उन्होंनें कहा कि देश में 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव हमेशा एक साथ हुए । परन्तु उसके बाद शुरू हुआ विधानसभाओं को गिराने का काम जिसके कारण यह चक्र टूट गया । विकसित भारत के स्वप्न को पूर्ण करने में ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्ल भी अपनी अहम् भूमिका निभाएगा । ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्ल विकसित भारत की लक्ष्य प्राप्ति की महत्वपूर्ण आवश्यकता है । दुष्यंत भट्ट ने कहा कि देश को आजाद होने में 90 साल लग गए और ऐसा करने में अनगिनत लोगों को अपनी कुर्बानियां देनी पड़ी । बार-बार चुनाव होने से और सरकारें गिरने से लोगो का नेताओं पर से भी भरोसा उठा है और इसने भ्रष्टाचार को भी जन्म दिया है । ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्ल बहुत सी समस्याओं का समाधान है । उन्होनें युवाओं से जात-पात, धर्म आदि से ऊपर उठकर राजनीति करने की सलाह दी । कोमल सैनी ने कहा कि ह्यभारत माता की जयह्ल बोलना ही हमारी असल पहचान है । अब युवाओं को अपनी सोच बदलनी होगी और राजनीति के प्रति भी गंभीर बनना होगा । युवा ही भारत की शक्ति है और देश के स्वप्न युवा ही साकार करेंगे।

# तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर तीन गुणा ताकत से होगा विकासः गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। राई से विधायक बनने** पर विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने धन्यवादी दौरे के दौरान गांव सेरसा एवं दहिसरा पहुंचकर लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राई हलके के लोगों ने उनको विधायक बनाकर उनपर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस हल्का के लोगों की एक-एक समस्या का समाधान करेंगे और आमजन से सुझाव लेने के बाद हल्के का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर नागरिकों ने एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी और दायित्व सौंपा है। इस दायित्व को बड़ी शिद्दत के साथ पूरा करने का काम करेंगे। विधायक ने कहा कि बजट में 13 नई योजनाओं की घोषणा की गई। जिसमें महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना लाई गई ।जिसके लिए हमारी सरकार द्वारा 5000 करोड रुपए का अलग से प्रावधान किया गया है। जल्द ही महिलाओं को ?2100 महीना दिए जाएंगे। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए 20



लख रुपए तक का मेडिकल कवरेज देने की घोषणा की। कामकाजी महिलाओं के लिए 6 महिला छात्रावास खोले जाएंगे। जिसमें से एक छात्रावास सोनीपत में खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को विकसित बनाने का काम किया जाएगा । उन्होंने सेरसा गांव में 26 लाख रुपए की लागत से बनी पंचायत की 30 दुकानों व 15 लाख रुपए की लागत से बनी मान चौपाल का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि गांव में 30 दुकान नई बनने से गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा साथ ही ग्राम पंचायत की भी किराए के जरिए आमदनी होगी। उन्होंने बताया कि सेरसा गांव में 35 साल पुरानी गली का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेरसा गांव के लिए सौगात ट्रेन नंबर 8 के पुल का कार्य लगभग 2 महीने में शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि दहिसरा गांव को आसपास के गांव से जोड़ने वाली सड़कों का मरम्मत का कार्य भी करवाया जाएगा। जाटी कलां से दहिसरा की सड़क जिसकी लंबाई लगभग 2.14 किलोमीटर है। उसकी मरम्मत का कार्य जल्दी ही पूरा होने वाला है। दहिसरा से दिल्ली पल्ला 36 तक की सड़क की मरम्मत के लिए 8 लाख रुपए मंजूर करवा दिए हैं। उन्होंने दोनों गांव में लोगों की समस्याएं सुनी व समाधान किए।

# खरखौदा को गोहाना में जाने को लेकर हुई पंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा, : भगवान** परशुराम पार्क में शनिवार को खरखौदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के गणमान्य लोगों की पंचायत आयोजित हुई। पंचायत की अध्यक्षता मास्टर महेंद्र सिंह ने की। इसमें भाजपा पार्टी द्वारा गोहाना को जिला बनाने की योजना में खरखौदा को शामिल करने का विरोध किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए बेदी गोपालपुर ने कहा कि गोहाना को जिला बनाने का विरोध नहीं है, लेकिन खरखौदा को उसमें शामिल करना उचित नहीं है। गोहाना से खरखौदा की दूरी 40 किलोमीटर है, जबकि सोनीपत केवल 18 किलोमीटर दूर है। ऐसे में प्रशासनिक कार्यों के लिए गोहाना जाना क्षेत्रवासियों के लिए कठिन होगा। हंसराज राणा



फिरोजपुर बांगर ने कहा कि जब तक सरकार खरखौदा को सोनीपत जिले में बनाए रखने का लिखित प्रमाण नहीं देती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। विकेश दहिया रोहणा ने कहा कि खरखौदा को गोहाना में शामिल करना सरासर अन्याय होगा। यदि सरकार नया जिला बनाना चाहती है तो खरखौदा को जिला बनाकर गोहाना और अन्य क्षेत्रों को इसमें शामिल करना चाहिए। पंचायत में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 30 मार्च को परशुराम पार्क, खरखौदा में होगी, जिसमें संघर्ष कमेटी का गठन कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।रोहतास नेता रोहणा ने कहा कि यह विरोध व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के हित में किया जा रहा है।
सरकार जब तक गोहाना का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं करती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# ट्रैक्टर रोककर दो युवकों पर हथियारों से किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में गांव** गढपुर टापू से लाडवा रेत की ट्रॉली लेकर गए दो युवकों पर जानलेवा हमला व हथियारों के बल पर लूट की वारदात का मामला सामने आया है। लाडवा से लौटते समय छह-सात बदमाशों ने ट्रैक्टर रोक लाठी-डंडों और तेजधार हथियारों से हमला किया। उसके बाद बदमाशों ने एक युवक के सिर पर कट्टा तानकर 56 हजार रुपए लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लापुरा के सादिक, थाना सदर यमुनानगर और गांव गढपुर टापू के आबिद, थाना इन्द्री के मुताबिक वे लाडवा से रेत की ट्रॉली खाली कर वापस लौट रहे थे।

# बालकिशन के सिर में चोट मार कर उसका मर्डर किया गया



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा में 20** मार्च को खरखौदा का दुकानदार बालकिशन उर्फ बाले लापता हो गया था। 21 मार्च को उसका शव खरखौदा के गोपालपुर रोड के साथ लगते बावरिया के अंदर मिला। जहाँ गेट पर लगे ताले को तोड़कर अंदर पहुँची पुलिस, और पुलिस के मुताबिक हत्या का शक इसी पीर के पुजारी पर जा रहा हैं। क्योंकि उसकी फोन पर बात ही बालकिशन उर्फ बाले से लास्ट समय हुई थी। और उसके बाद से ही पुजारी का फोन भी बंद आ रहा हैं। और वह मौके से फरार भी हैं। वही इसी मामले में थाना प्रभारी बीर सिंह ने बताया था, कि बालकिशन के सिर में चोट मार कर उसका मर्डर किया गया।
शनिवार को दुकानदार बालकिशन का शव खरखौदा स्थित आवास पर पोस्टमार्टम के बाद पहुंचा, और शमशान घाट में अंतिम संस्कार के दौरान मृतक बालकिशन के बेटे गौरव ने मीडिया के समक्ष कहा है, कि उसके पिता की बलि दी गई है। उसके पिता व फरार पंडित का आपस में कोई व्यवहार नहीं था।

## संक्षिप्त खबरें

### हकेवि में कौशल विकास पर सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा टाइम्स आफ इंडिया की संस्था टाइम्सप्रो द्वारा



विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगार व साक्षात्कार की तैयारी पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में टाइम्सप्रो के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर एम्पलाईबिलिटी अधिकारी सूर्यांश सिंह विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्किल एसेसमेंट, करियर काउंसलिंग, रिज्यूम बिल्डिंग, साक्षात्कार तैयारी आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक व इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. सूरज आर्य ने बताया कि तीन दिवसीय यह सेमिनार विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 19 से 21 मार्च तक आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. आकाश सक्सेना ने कार्यक्रम की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के हित में इस तरह के आयोजन समय-समय पर करवाता है।

### 11वें मेगा सब्जी एक्सपो का दूसरा दिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। घरौंडा में आयोजित** 11वें मेगा सब्जी एक्सपो के दूसरे दिन आज बड़ी संख्या में किसानों ने मेले का भ्रमण किया। आज मुख्य अतिथि के रूप में विभागाध्यक्ष डा. अर्जुन सिंह सैनी मौजूद रहे। किसानों ने सब्जियों की विभिन्न किस्मों व मधुमक्खी पालन की नवीनतम जानकारी विशेषज्ञों माध्यम से प्राप्त की। इस दौरान किसानों ने सब्जियों की खेती से जुड़ी प्रदर्शनी एवं केन्द्र पर बनाए गए पोली हाउस, नेट हाउस का दौरा किया। विशेषज्ञों ने संरक्षित खेती की विस्तृत जानकारी दी। डा. अर्जुन सिंह सैनी ने किसानों को सम्बोधित करने हुए कहा कि कम लागत वाली वर्टिकल खेती के तहत बैम्बू स्टेकिंग तकनीक को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया गया है। इस तकनीक पर सब्जी उत्पादन के लिए 50 से 85 प्रतिशत अनुदान सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

### अमेरिका भेजने के नाम पर 45 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कस्बा निसिंग के** डेरा फतेहगढ़ में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के नाम पर 45 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। इस संदर्भ में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अमीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी जान-पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा और अमृतपाल सिंह से थी। इन लोगों ने खुद को वैध तरीके से लोगों को अमेरिका भेजने वाला बताया और उसके बेटे तरणदीप सिंह को भी एयर रूट से अमेरिका भेजने का वादा किया। इसके लिए 45 लाख रुपए मांगे गए, जिस पर अमीर सिंह ने हामी भर दी। अमीर सिंह के अनुसार ने बताया कि 12 दिसंबर 2024 को आरोपी उसके घर पहुंचे और 17 लाख रुपए कैश लेकर चले गए, जिसकी वीडियो उसके पास मौजूद है। 2 लाख रुपए जलमाना पैलेस के सामने दिए गए, 2.5 लाख रुपए तरसेम चेयरमैन के जरिए दिए गए, 2.75 लाख रुपए गूगल पे से ट्रांसफर किए गए और 9.5 लाख रुपए बैंक खाते में जमा करवाए गए। इसके अलावा 5.29 लाख रुपए के अमेरिकी डॉलर दिए गए।


# गीता विश्वविद्यालय में ' सांगरीला कल्चरल फेस्ट' का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः (कमाल हुसैन )**
**स्थानीय आई.बी. विश्वविद्यालय** के छात्रों ने डॉ. सीमा व डॉ. गीता विश्वविद्यालय में आयोजित 'सेंग्रीला कल्चरल फेस्ट' में हिने ढांडा के निर्देशक ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के नेशनल यूनिवर्सिटी ने नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तनु ने कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, दिशा ने नेल आर्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। कॉलेज परिसर में प्रबंधन समिति के सदस्य एल. एन. मिगलानी ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके भविष्य की कामना की।
कार्यशाला डॉ. शशि प्रभा आमिर ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि डांस , पढ़ाई और नेल आर्ट जैसी प्रतियोगिता में भाग लेने के कई फायदे हैं। प्रतियोगिता में सम्मिलित ज्ञान और कौशल को चित्रित करने के लिए शानदार मंच प्रदान करने के साथ-साथ अपना लक्ष्य प्राप्त करना और चुनौती लेना भी सिखाया जाता है। मानव जाति को आगे बढ़ाने के लिए , औरों से कुछ अलग करने का लक्ष्य प्राप्त करने एवं स्वयं का आकलन करने की आवश्यकता है। यह विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में हुआ एलुमनी मीट का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शनिवार 22 मार्च को एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें हकेवि में अध्ययन कर चुके पूर्व विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार उपस्थित रहे। आयोजन में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार की भी गरिमामयी उपस्थित रही। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्थान के विकास में एलुमनी की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होती है। यह मंच अवसर है, फिर से विश्वविद्यालय के साथ जुड़ने और मिलकर काम करने का। कुलपति ने कहा कि आप हमारे ब्रांड अम्बेस्डर है और



विश्वविद्यालय की प्रगति में आपका योगदान महत्त्वपूर्ण है। आयोजन में विश्व जल दिवस के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों ने जल का संयमपूर्वक उपयोग करने व जल बचाने की शपथ भी ली। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पूर्व विद्यार्थियों के लिए आयोजित एलुमनी मीट को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कहा कि किसी भी संस्थान की असली प्रगति विद्यार्थी या पूर्व विद्यार्थी ही बता सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम आपके साथ जुड़ गया है। आप जो भी करेंगे, उस पर विश्वविद्यालय की छाप हमेशा रहेगी। उन्होंने कहा कि एलुमनी मीट करने का एक कारण यह भी होता है कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पूर्व विद्यार्थियों की छाप दिखाई देनी चाहिए। कुलपति ने कहा कि आज मुझे पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बहुत खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि एलुमनी मीट का मुख्य अतिथि कोई बड़ा व्यक्तित्व होना चाहिए और वो हमारा अपना पूर्व विद्यार्थी हो यही हम सभी का सपना है। कुलपति ने सम्पर्ण भाव के साथ विश्वविद्यालय की प्रगति में योगदान देने के लिए पूर्व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने पूर्व छात्र एसोसिएशन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा आयोजित एलुमनी मीट को पूर्व विद्यार्थियों को पुनः विश्वविद्यालय से जुड़ने और मिलकर काम करने का एक अवसर बताया। कुलसचिव ने कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र एसोसिएशन के अधिष्ठाता प्रो. हरीश कुमार ने एसोसिएशन व विश्वविद्यालय की गतिविधियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# काइम ब्रांच की टीम और बदमाश में हुई मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करना**ल में क्राइम ब्रांच की टीम और 20 हजार के एक इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाश ने टीम पर करीब 2 से 3 फायर किए। हालांकि इस मुठभेड़ में पुलिसकर्मी बाल बाल-बच गए, जबकि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में एक गोली लगी है। गुरुग्राम की क्राइम ब्रांच मानेसर की टीम एसआई अरुण कुमार के नेतृत्व में एक मामले की जांच के सिलसिले में आरोपी टेकचंद उर्फ मोहित को लेकर करनाल पहुंची। आरोपी पर गुरुग्राम के सेक्टर-10 थाने में बीती 18 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। आरोपी 7 दिन के पुलिस रिमांड पर था और उसने अपने बयान में बताया था कि वह



गैंगस्टर नरेश सेठी के गुर्गे अक्षय कुमार (जो विदेश में बैठा है) से जंगी एप और सिग्नल एप के जरिए बातचीत करता था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि वह जिस मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था, उसे उसने खरकाली गांव में छिपा दिया है। इसी मोबाइल की बरामदगी के लिए पुलिस आरोपी को लेकर मौके पर पहुंची थी। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे पुलिस की सरकारी बोलेरो गाड़ी आरोपी को लेकर खरकाली गांव पहुंची। टीम में एसआई अरुण कुमार के साथ एएसआई हरीश कुमार, एएसआई धर्मबीर सिंह, सिपाही नरेन्द्र कुमार, सिपाही सतेन्द्र कुमार और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। पुलिस ने सरकारी गाड़ी को सडक किनारे खड़ा किया और आरोपी को लेकर मौके की ओर बढ़ी। आरोपी को हरीश कुमार ने पकड़ रखा था और बाकी टीम सतर्कता से पीछे चल रही थी। आरोपी आगे-आगे चल रहा था और पुलिस को रास्ता दिखा रहा था। उसने बताया कि उसने मोबाइल फोन एक सफेद पॉलिथीन में डालकर घास-फूस में छिपाकर रखा है। पुलिस टीम ने तलाशी शुरू कर दी, लेकिन तभी आरोपी ने अचानक झाडियों में छिपाकर रखी पिस्टल निकाल ली। आरोपी ने जैसे ही पिस्टल निकाली, टीम में हडकंप मच गया। उसने बिना समय गंवाए एएसआई हरीश कुमार की ओर पिस्टल तान दी और गोली चला दी। गोली हरीश कुमार के कंधे से टच होकर निकल गई। गोली चलते ही हरीश कुमार जमीन पर गिर गए, जिससे आरोपी को भागने का मौका मिल गया।
आरोपी को भागता देख एसआई अरुण कुमार ने तुरंत चेतावनी दी और कहा कि वह सरेंडर कर दे, लेकिन आरोपी ने जवाब में पूरी पुलिस टीम की ओर एक और फायर कर दिया। इसके बाद वह चार-पांच कदम पीछे हटा और एक और गोली चलाई। स्थिति गंभीर होती देख पुलिस ने आत्मरक्षा और आरोपी को काबू करने के लिए कार्रवाई की। एसआई अरुण कुमार ने पिस्टल संभाली और आरोपी को चेतावनी देने के बाद उसके पैरों की तरफ एक गोली चलाई। गोली आरोपी के बाएं पैर के घुटने के पास लगी और वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

# सिमरन सिंह ने किया ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन का एग्जाम क्लियर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। प्रदेश कार्यकारिणी** सदस्य परमजीत सिंह की बेटी एडवोकेट सिमरन सिंह ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने क्रिमिनल लॉ में एलएलएम की डिग्री के साथ-साथ बीते रात आए ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन का एग्जाम भी क्लियर किया है। अब सिमरन सिंह अपनी प्रेक्टिस पूरे भारत के किसी भी हाई कोर्ट में कर सकती है। इस उपलब्धि पर जिले के पूर्व उपायुक्त डॉ. जय किशन आभीर आईएएस के मार्गदर्शन में ममाज टीम ने एडवोकेट सिमरन सिंह व उनके पूरे परिवार को उनके



निवास पर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह एक बड़ी उपलब्धि है और एडवोकेट सिमरन सिंह के परिवार के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर ममाज टीम से अनूप यादव, राजेश कुमार, ब्लॉक प्रधान देविंद्रा कुमारी, महेंद्रगढ़ बार प्रधान संदीप यादव, उप प्रधान सतीश डागर, वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत सिंह, अधिवक्ता पवन कुमार जांगिड़, अधिवक्ता राजवीर यादव, अधिवक्ता प्रदीप यादव, अधिवक्ता शर्मिला देवी, अधिवक्ता आलोक यादव सहित अनेक लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संपादकीय

# नैतिक सिद्धान्तों पर भारी भौतिकवाद

**यह कहावत एक**दम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि पहाड़, झरना, नदिया,जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए उपहार के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भव सागर में कूद पड़ता है।
परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।
आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है।

# शादी के बाद करियर: उड़ान या उलझन?



–प्रियंका सौरभ

> ग्रामीण भारत में शादी के बाद महिलाओं के करियर की स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। पारंपरिक सोच, शिक्षा की कमी और अवसरों की अनुपलब्धता के कारण कई महिलाएँ शादी के बाद आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं रह पातीं। हालाँकि, सेल्फ हेल्प ग्रुप, ग्रामीण उद्यमिता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से अब बदलाव आ रहा है। उदाहरण के लिए: सखी मंडल और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएँ छोटे व्यवसाय चला रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से कई महिलाओं ने अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू किए। डिजिटल इंडिया पहल के कारण अब महिलाएँ ऑनलाइन बिजनेस कर रही हैं। डेयरी, सिलाई, कढ़ाई, बागवानी और कृषि आधारित व्यवसायों में महिलाएँ आगे बढ़ रही हैं।

**परिवारों को** यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएँ आसानी से दोनों भूमिकाएँ निभा सकें। सोचिए, एक लड़की ने अपने करियर के लिए दिन-रात मेहनत की, डिग्रियाँ लीं, अनुभव जुटाया और फिर... शादी हुई! और शादी के बाद? अक्सर वही होता है, जो पीढ़ियों से होता आया है–करियर या तो ठहर जाता है या धीरे-धीरे गुमनाम हो जाता है। हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का "मील का पत्थर" माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह मील का पत्थर करियर की सड़क को आगे बढ़ाने का काम करता है या उस पर एक बड़ा ब्रेक लगा देता है?

**करियर या शादी: क्या वाकई कोई चुनाव होना चाहिए?**

हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का "टर्निंग पॉइंट" माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह टर्निंग पॉइंट आगे बढ़ाने के लिए होता है या पीछे धकेलने के लिए? कई बार परिवार, समाज और खुद महिलाओं की भी यह सोच बन जाती है कि शादी के बाद करियर प्राथमिकता नहीं रह जाता। कई बार महिलाओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया जाता है कि करियर और शादी साथ नहीं चल सकते। परिवार, समाज और कभी-कभी खुद महिलाएँ भी मान लेती हैं कि शादी के बाद करियर कम प्राथमिकता वाला हो जाता है। क्या यह सही है? या यह सिर्फ एक सामाजिक धारणा है जिसे बदलने की जरूरत है?

**"अब तुम्हें घर संभालना है!"**

कितनी बार हमने सुना है कि शादी के बाद महिलाएँ करियर छोड़कर "घर संभालने" में लग जाती हैं? अगर शादी से पहले वे एक शानदार कॉर्पोरेट जॉब में थीं, तो शादी के बाद यह सवाल उठता है–"अब ऑफिस और घर दोनों कैसे मैनेज करोगी?" और इसका हल अक्सर यही निकलता है–"करियर छोड़ दो!" शादी के बाद परिवार और समाज अक्सर महिलाओं से यह अपेक्षा करता है कि वे करियर की बजाय घरेलू जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें। यह सोच क्यों है? क्या पुरुषों से भी यही अपेक्षा की जाती है?

**सपनों की 'सेक्रिफाइस सेल': शादी स्पेशल डिस्काउंट!**

महिलाओं के सपने और करियर किसी 'सेल' में रखे सामान की तरह डिस्काउंट पर चले जाते हैं– "तुम्हारा पैशन बाद में, पहले परिवार!" "पति की जॉब ज्यादा जरूरी है, तुम्हारी तो बस टाइमपास थी!" "घर पर रहोगी तो बच्चों को बेहतर परवरिश मिलेगी!"

**मॉमी ट्रैक: करियर का ब्रेक या परमानेंट स्टॉप?**

मातृत्व आते ही महिलाओं के करियर को "मॉमी ट्रैक" पर डाल दिया जाता है। यानी, प्रोमोशन की रेस से बाहर, साइड रोल में डाल दिया जाता है। वर्कप्लेस पर भी उन्हें कम महत्व दिया जाता है, क्योंकि माना जाता है कि अब वे "फुल टाइम करियर" के लिए उतनी प्रतिबद्ध नहीं रहेंगी। मातृत्व के बाद कई महिलाओं को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है, जबकि पुरुषों के करियर पर इसका असर नहीं पड़ता। क्या यह लैंगिक असमानता का एक रूप नहीं है? क्या कंपनियाँ अधिक लचीली नीतियाँ अपनाकर महिलाओं को सपोर्ट कर सकती हैं? क्या शादी के बाद पुरुषों से पूछा जाता है–"अब करियर का क्या करोगे?" नहीं ना? यही सवाल अगर महिलाओं से पूछा जाता है, तो यह खुद ही बता देता है कि समस्या कहाँ है। शादी और करियर को एक साथ संतुलित करने वाली महिलाओं के उदाहरण भी मौजूद हैं। क्या यह संभव नहीं कि शादी करियर के लिए नया सहयोग और समर्थन लेकर आए? कई कपल्स मिलकर एक-दूसरे के करियर को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। क्या यह एक नए नजरिए की जरूरत नहीं है?

**ग्रामीण महिलाओं का करियर: चुनौतियाँ और अवसर**

ग्रामीण भारत में शादी के बाद महिलाओं के करियर की स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। पारंपरिक सोच, शिक्षा की कमी और अवसरों की अनुपलब्धता के कारण कई महिलाएँ शादी के बाद आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं रह पातीं। हालाँकि, सेल्फ हेल्प ग्रुप, ग्रामीण उद्यमिता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से अब बदलाव आ रहा है। उदाहरण के लिए: सखी मंडल और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएँ छोटे व्यवसाय चला रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से कई महिलाओं ने अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू किए। डिजिटल इंडिया पहल के कारण अब महिलाएँ ऑनलाइन बिजनेस कर रही हैं। डेयरी, सिलाई, कढ़ाई, बागवानी और कृषि आधारित व्यवसायों में महिलाएँ आगे बढ़ रही हैं।

**महिलाओं के करियर पर शादी का प्रभाव**

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सिर्फ 20% महिलाएँ कार्यबल में बनी रहती हैं, जबकि स्नातक स्तर पर उनकी भागीदारी पुरुषों के बराबर होती है। शादी के बाद लगभग 47% भारतीय महिलाएँ अपना करियर छोड़ देती हैं। शादीशुदा महिलाओं की कमाई 15-20% तक कम हो जाती है। 85% भारतीय महिलाओं का मानना है कि शादी और बच्चों के कारण उन्हें करियर में बाधाएँ झेलनी पड़ती हैं। भारत में 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं की कार्यबल भागीदारी सिर्फ 18% रह जाती है, जबकि पुरुषों के लिए यह संख्या 78% है।

**प्रेरणादायक केस स्टडीज**

इंद्रा नूयी शादीशुदा होने के बावजूद अपने करियर को बनाए रखने में सफल रहीं। उन्होंने अपनी किताब " में बताया है कि कैसे उन्होंने अपने परिवार और करियर को संतुलित किया, और कैसे कंपनियों को महिलाओं के लिए सहायक कार्यस्थल बनाने की जरूरत है। किरन मजूमदार शॉ ने शादी और समाज की अपेक्षाओं के बावजूद उन्होंने अपनी बायोटेक कंपनी खड़ी की। उनके अनुसार, परिवार से समर्थन मिलने पर शादी के बाद भी महिलाएँ सफलतापूर्वक अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने मातृत्व के बाद भी खेल में वापसी की और कई खिताब जीते। उन्होंने इस मिथक को तोड़ा कि माँ बनने के बाद करियर को छोड़ना ही एकमात्र विकल्प है।

**तो क्या हल है?**

परिवारों को यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएँ आसानी से दोनों भूमिकाएँ निभा सकें।

**शादी एक नया चैप्टर हो सकती है, "दी एंड" नहीं!**

शादी का मतलब किसी भी महिला के करियर का "दी एंड" नहीं होना चाहिए। बल्कि यह एक ऐसा पड़ाव होना चाहिए जहाँ से वह अपनी निजी और प्रोफेशनल ज़िंदगी को संतुलित तरीके से आगे बढ़ा सके।
अगली बार जब कोई कहे–"शादी के बाद करियर का क्या?" तो जवाब होना चाहिए–"जो पहले था, वही रहेगा–बस और बेहतर!"



## कविता

**मेरे भारत का उन्नत बिहार**

मेरे भारत का उन्नत बिहार
करूं तुझको प्रणाम बारम्बार

यह महावीर बुद्ध की धरती
जहां सत्य अहिंसा का प्रभाव

ये वह धरती जहां विश्व प्रसिद्ध
नालंदा तक्षशिला है शिक्षा का द्वार

आर्यभट्ट और गुरु गोविंद की वाणी बिहार
हर रोज नया सीख-लिख रहा बिहार

मिल रहा यहां शिक्षा संस्कार
पढ़ रहा सदा बढ़ रहा बिहार

ये वह धरती जहां ऋषि मुनियों ने
सिखलाया आपस में मिलकर रहना

यहां हर किसी का हो रहा जीवनोद्धार
अब हो रहा विकसित बिहार

बिहार में हैं नौकरियों की बहार
सरकार दे रही सबको रोजगार

मनोज कौशल.

# भगत सिंह का राष्ट्र धर्म

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

**लिख रहा हूँ अंजाम** जिसका कल आगाज आयेगा–मेरे लहू का हर एक–एक कतरा इंकलाब लाएगा" इस कथन को सुनते ही भारतवर्ष के करोड़ों युवाओं के नसों में दौड़ने वाला लहू गतिमान हो जाता है, उनकी नसें अपने शहीद नायक के सम्मान में फड़कने लगती है और जंगे आजादी का दृश्य सामने आ जाता है। 23 मार्च 1931 का दिन भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा क्योंकि यह वह दिन था जिस दिन भारत माँ के तीन वीर सपूतों को एक साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया था। इतिहास आज उन वीर सपूतो के आदर्श वैचारिक मूल्य से धनी है। इन्हीं वीर सपूतों में भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर गांव में किशन सिंह के परिवार में हुआ था। भगत सिंह के पिता किशन सिंह और उनके भाई एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, भगत सिंह पर पिता के वैचारिक मूल्य का गहरा प्रभाव था, भगत सिंह ने 12 वर्ष की आयु में जलियांवाला बाग नरसंहार को देखा था जिसने अंग्रेजों के क्रूरतापूर्वक दमन को उन्हें बहुत अच्छी तरह से समझ लिया था। भगत सिंह के धर्म को लेकर अनेक वैचारिक विमर्श विचारकों द्वारा दिए जाते हैं, भगत के आध्यात्मिक जीवन के आदर्शों का मूल्यांकन तथा भगत सिंह के विचारों पर लेनिन के मार्क्सवाद का प्रभाव था या नहीं इस विषय से अधिक महत्वपूर्ण विषय भगत सिंह द्वारा युवाओं के राष्ट्र सेवा के लिए किये गए उद्बोधन को लेकर किया जाना चाहिए। भगत सिंह द्वारा राष्ट्र हितों को लेकर किए गए वैचारिक उद्घोषों को समझ जाना चाहिए। भगत सिंह ने अपनी विचारों और संघर्ष के माध्यम से मानवी जीवन के मूल्यों को लेकर कार्य किया जिसमें समानता, स्वतंत्रता, समता और एकता के लिए किया गया कार्य ही भगत सिंह का धर्म था, उन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई की सफलता के बाद स्वतंत्र एवं विखंडित भारत को लेकर चिंता व्यक्त की थी। भगत सिंह का जीवन मानवी सेवाओं को समर्पित था, उनका कहना था– "जो कुछ मानव जाति को प्रभावित करता है वह मुझे चिंतित करता है"। भगत सिंह ने हमेशा मानवी एकता के लिए कार्य किया उन्होंने अपनी प्रारंभिक रचना 'विश्व प्रेम' में समानता एवं विश्व बंधुत्व के महत्व पर जोर दिया, उन्होंने भूख से मुक्त समाज की कल्पना की जहां लोगों में आपस में प्रेम हो और समाज भय से मुक्त हो। भगत सिंह का विश्व बंधुत्व, विश्व में समानता एवं कल्याण के भाव को लेकर राष्ट्र के विकास का पथ प्रदर्शक था। भारत का दुर्भाग्य था कि ऐसे सर्व सहारा एवं सर्व राष्ट्र के कल्याण के विकासोन्मुख विचारों के प्रणेता का जीवन अल्पायु था। भगत सिंह के इन्हीं सर्व सहारा एवं सर्वोन्मुखी कल्याण के विचारों से भयभीत होकर अंग्रेजों ने 23 वर्ष की अल्पायु में भगत सिंह को फांसी की सजा दे दी गई। राष्ट्र के मुक्ति संघर्ष में भगत सिंह के वैचारिक मूल्य का राष्ट्र ऋणी है। भगत सिंह स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सर्व मानव जाति के कल्याण को लेकर चिंतित रहते थे, जेल में कारावास के दौरान उन्होंने अनेक रचनाएं लिखी, दुर्भाग्य से आज वे पांडुलिपियाँ नष्ट हो गई लेकिन कुछ रचनाएं जो पत्र – पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई थी वह हमारे सामने है। जेल में लिखी डायरी के पेज 190 नंबर पर भगत सिंह ने मानव धर्म को लेकर एक लेख लिखा – समाजवादी व्यवस्था मेंप्रत्येक को उसकी योग्यता के अनुसार, प्रत्येक को उसकी आवश्यकता के अनुसार मिलना चाहिए।

## विचार

# लुप्त होती हरियाणा की अनमोल विरासत रागनी कला

**–डॉ. सत्यवान सौरभ**

**हरियाणवी लोकसंस्**कृति का एक महत्त्वपूर्ण अंग रागनी आज विलुप्ति के कगार पर है। मनोरंजन के आधुनिक साधनों के आगमन और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण यह कला पिछड़ती जा रही है। यदि समय रहते इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को यह विरासत केवल किताबों में ही देखने को मिलेगी। रागनी के लुप्त होने का मुख्य कारण आधुनिक जीवनशैली, व्यवसायिक कमी और नई पीढ़ी की बदलती रुचि है। इसे बचाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों पर प्रचार, शिक्षा में लोककला को शामिल करना और लोक कलाकारों को आर्थिक सहयोग देना जरूरी है। यदि सही कदम नहीं उठाए गए, तो यह अनमोल धरोहर धीरे-धीरे गुम हो जाएगी।
हरियाणा की लोकसंस्कृति में रागनी एक महत्त्वपूर्ण कला है, जो समय के साथ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली जरिया भी रही है। हरियाणा की रागनी न केवल मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम रही है, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। यह लोककला सिर्फ.संगीत नहीं, बल्कि एक आंदोलन रही है, जिसने लोगों को जागरूक किया, बुराइयों के खिलाफ खड़ा किया और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। हरियाणवी रागनी लोकसंस्कृति का अभिन्न अंग रही है और इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणवी रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से यह लोककला आज भी जीवित है, हालाँकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की जरूरत है।
रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम, भक्ति, सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहाँ गायक अपनी आवाज और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर जोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ" जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुँचाया।
हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को खत्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों ने बताया कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुए और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। कलाकारों ने इन बुराइयों को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रेरक गीत गाए। उदाहरणः "सुणले रे छोरे, बीड़ी-सिगरेट मत पीजा, तन्ने मां-बाप सूँ किट्टे तै प्यारा" (एक रागनी जिसमें धूम्रपान के नुकसान बताए गए हैं) । हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी एक ताकत बनी। इसमें किसानों की समस्याओं, मजदूरों के अधिकारों और सरकार से उनकी माँगों को जोरदार तरीके से उठाया गया। उदाहरणः कई रागनियों में किसान आंदोलनों, फसल के सही दाम और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए हैं। ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी–244, मजलिस पार्क, लेन–3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली–33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई–मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कर्नाटक में कांग्रेस का चेहरा बेनकाब

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**कर्नाटक की** सिद्धारमैया सरकार ठेकेदारी में मुस्लिम आरक्षण का बिल आखिरकार शुक्रवार को शोर शराबे और हंगामे के बाद में राज्य विधानसभा में पारित कर दिया। मुख्य विपक्षी भाजपा के कड़े विरोध के बाद भी सरकार अपने फैसले और हौसले पर अडिग दिखी।सरकार निर्माण क्षेत्र में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण लागू करने का फैसला किया है। इसके लिए कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट यानी केटीपीपी अधिनियम में संशोधन की गई है। यह प्रस्ताव सबसे पहले 2024 में चर्चा में आया जब सिद्धारमैया सरकार ने मुस्लिम समुदाय को ठेकेदारी में आरक्षण देने की संभावना पर विचार शुरू किया। मार्च 2025 में बजट पेश करते समय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी आधिकारिक घोषणा किया था। सरकार का दावा है कि इस तरह के आरक्षण से सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त करने और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। जबकि सरकार की असली मंशा मुस्लिम वोटरों पर है। फिलहाल भजपा बिल के खिलाफ अदालत का रुख करेगी या आंदोलन के जरिए हिन्दुओं का ध्रुवीकरण करेगी यह वक़्त बताएगा। सरकार इस कानून के जरिए मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है। फिलहाल आम गरीब मुस्लमानों को इस कानून से कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। क्योंकि किसी भी सरकारी टेंडर लेने के लिए अच्छी खासी पूँजी होनी चाहिए। सरकार इस तरह का कानून लाकर एक तीर से कई निशाना साधना चाहती है। कांग्रेस को लेकर वह मुसलमानों में एक सहानुभूति पैदा करना चाहती है। दूसरी तरफ सरकार के बेहद करीबी संबंध रखने वाले दौलतमंद मुस्लिमों को बेहतर मौका देना चाहती है। मुस्लिम मतों को हमेशा अपने पाले में रखने के लिए यह तुष्टिकरण की सबसे उम्दा नीति है। जबकि यह संविधान विरोधी है। राज्य में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने इसे संविधान के खिलाफ बताते हुए अदालत में जाने का फैसला किया है। भजपा का आरोप है कि संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का विकल्प नहीं है।

# नीतीश बाबू का उफनता सम्मान: संभले ना संभाला

**मनीष कुमार**

**वीरवार 20** मार्च शाम को एक वीडियो वायरल हुई जिसमें नीतीश कुमार किसी उद्घाटन समारोह के मंच पर दिखाई देते हैं, पीछे राष्ट्रगान बज रहा है किंतु नीतीश पास खड़े अधिकारी के साथ गप्पें लड़ाने की कोशिश करते हैं, अधिकारी उन्हें आगे की तरफ देखने का इशारा भी करता है किंतु वे उनको एक तरह से झिंजोड़ते हैं, इस बार अधिकारी कोई जवाब/प्रतिक्रिया नहीं देते तो वे मंच से किसी को हाथ जोड़कर नमस्ते करने लग जाते हैं। बिहार चुनाव नजदीक हैं और प्रचार में उन्हीं को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, दूसरी ओर नितीश बाबू के करीबी विजय कुमार चौधरी बयान देते हैं कि "राष्ट्रागान हो चाहे राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान की बात हो, वे नितीश कुमार के स्वभाव में अंदर तक शामिल हैं। बिहार के जनता ने देखा है कि किस तरह से राष्ट्रीय परंपराओं का समान करना हो या राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति इज्जत और श्रद्धा रखने की बात हो नितीश हमेशा अगली पंक्ति में रहे हैं।" अब इसमें कोई शक नहीं कि यह सम्मान इतना गहराई तक समाया हुआ है कि अब उफन-उफन कर बाहर आने लगा है और अगली पंक्ति में रहने की वजह से सबको दिखाई दे रहा है । अब आखिर कब तक इतना सम्मान भीतर दबा रहता? चुनाव नजदीक हैं, तो सम्मान भी बाहर आने को तड़प रहा है! शायद वे प्रधान सचिव जी से भी यही कह रहे होंगें "अरे, तुम भी सम्मान दिखाओ" अब इसमें अधिकारी की गलती थी कि वे इतनी गहराई को समझ नहीं पाए और मूर्ति की तरह खड़े रहे। बिहार की जनता इस सम्मान के नए स्वरूप को देखकर भाव-विभोर है! आखिर चुनाव पास हैं, और अब जनता को तय करना है कि राज्य को एक स्थिर नेतृत्व चाहिए या ऐसा नेतृत्व जो स्थिर खड़े भी नहीं रह सकता! नीतीश बाबू का सम्मान तो अब खुद उनसे काबू में नहीं आ रहा! अगर यही हाल रहा, तो जल्द ही वे राष्ट्रगान के दौरान ताल ठोकने भी लग सकते हैं सदन में महिलाओं पर दिए आपत्तिजनक बयान के सुर्खियों में आते ही उन्होनें माफी मांग ली थी, किंतु अभी लेख लिखने तक उनकी तरफ से इस सन्दर्भ में कोई बयान नहीं आया है।

## न्यूज फ्लैश

### नॉन-स्टाप क्रिकेट का लुत्फ उठाएं, रु 101 से शुरू होने वाले पैक्स के साथ

**गुरुग्राम।** बिना रूकावट मैच की स्ट्रीमिंग का लुत्फ उठाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फास्ट डेटा की जरूरत होती है, दर्शक टी20 लीग में रोमांचक मैचों का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हैं। वी के प्रीपेड उपभोक्ता डेटा के बेजोड़ अनुभव तथा जियो हॉटस्टार के बंडल्ड फ्री सब्सक्रिप्शन के साथ इन मैचों के हर पल का लुत्फ उठा सकते हैं। बिना रूकावट के क्रिकेट का लुत्फ उठाने के लिए वी के उपभोक्ता कई पैक्स में से चुनाव कर सकते हैं। खासतौर पर इस सीजन के लिए वी ने 3 नए रीचार्ज लॉन्च किए हैं, जो उपभोक्ताओं को बेहतरीन मूल्य एवं फायदे देंगेः रु 101 का रीचार्ज, 3 माह का जियो हॉटस्टार (मोबाइल) सब्सक्रिप्शन और 5 जीबी डेटा देता है।, रु 399 रीचार्ज, अनलिमिटेड कॉल्स, दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा, अतिरिक्त 2 जीबी डेली डेटा और जियो स्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन के फायदे देता है, यह 28 दिन के लिए वैलिड है।, रु 239 का रीचार्ज, अनलिमिटेड कॉल्स, 2 जीबी डेटा और जियो हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन के फायदे देता है, यह 28 दिनों के लिए वैलिड है।

### सिपाही से हवलदार बनने के लिए 372 पुलिसकर्मियों ने दिया मॉक टेस्ट

**पानीपत, (कमाल हुसैन) सिपाही से** हवलदार बनने के लिए बी-1 परीक्षा से पहले शनिवार को करनाल मंडल के तीन जिलों के 372 पुलिसकर्मियों का समालखा स्थित पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन मॉक टेस्ट कराया गया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनीया आईपीएस, एएसपी सृष्टि गुप्ता आईपीएस व अन्य अधिकारियों की निगरानी में पानीपत, करनाल व कैथल से आए जवानों ने ऑनलाइन परीक्षा दी। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर आईपीएस के दिशा निदेशों पर करनाल रैंज के पुलिसकर्मियों की बी-1 परीक्षा के लिए कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल कुलदीप यादव आईपीएस की अध्यक्षता में विशेष कमेटी गठीत की गई है। कमेटी में करनाल पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनीया, यमुनानगर एएसपी सृष्टि गुप्ता को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। विशेष कमेटी की देखरेख में सिपाहियों को पदोन्नति से संबंधित नियमों की गहराई से जानकारी देने के लिए शनिवार को पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि पुलिस विभाग में सिपाही से हवलदार पद की पदोन्नति के लिए कुछ नियम निर्धारित हैं। इन नियमों के अनुसार जिन पुलिस सिपाहियों की सर्विस 5 साल पूरी हो जाती है और सर्विस रिकार्ड अच्छा है उनको मुख्य सिपाही पद पर पदोन्नति के लिए एक प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है। सिपाही का ऑनलाइन टेस्ट लिया जाता है। यह पदोन्नति के लिए पहली सीढ़ी है, जिसको बी-1 टेस्ट कहा जाता है। टेस्ट हर वर्ष सभी जिलों में होता है। इस टेस्ट को लेने से पहले मॉक टेस्ट लिया जाता है। मॉक टेस्ट देने से सिपाही को पता लग जाता है कि किस तरह टेस्ट होगा ताकि फाइन टेस्ट में किसी प्रकार की गलती न हो। मॉक टेस्ट के बाद इसी महीने इन सभी का फाइनल टेस्ट कराया जाएगा। जिसमें ऑनलाइन टेस्ट के साथ साथ फिजिकल टेस्ट भी होगा।

### नागरिक अस्पताल में मधुमक्खियों का हमला, 15 लोगों को काटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शनिवार को** नागरिक अस्पताल में मधुमक्खियां ने 10 से 15 लोगों को काट लिया। इनमें पांच लोगों ने अस्पताल में अपना इलाज करवाया। इससे पहले शुक्रवार को सदर थाना में भी मधुमक्खियों छत्ता छिड़ गया था और 30 से 40 लोगों को मधुमक्खियां ने डंक मारा था। गर्मी शुरू होने के साथ ही मधुमक्खियां आक्रामक होने लगी हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को 10:30 बजे के आसपास लोग अपना इलाज करवाने के लिए नागरिक अस्पताल में आ रहे थे, कुछ वापस इलाज करवा कर लौट रहे थे। अचानक मधुमक्खियों का झुंड आया और उसने लोगों के ऊपर मंडराने लगा जैसे ही लोगों ने हाथ से हटाने की कोशिश की तब मधुमक्खियों ने उनको काट खाया।

# युवाओं को बुजुर्गों के अनुभव का फायदा उठाना चाहिए : महिपाल ढांडा

## मेधावी विद्यार्थी, खिलाड़ी, सिविल सेवा में चयनित युवाओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शिक्षा मंत्री महिपाल** ढांडा ने कहा कि आज बुजुर्गों और युवा पीढ़ी के बीच अंतर बढ़ रहा है। सामाजिक समरसता के लिये इस अंतर को पाटना होगा। युवाओं को बुजुर्गों के अनुभव का फायदा उठाना चाहिये। यदि ऐसा नहीं किया तो भविष्य में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि परिवार में पोते-पोती को दादा-दादी के साथ और संभव हो तो बहू-बेटे को भी कुछ समय घर में एक साथ बिताना चाहिये। इससे परिवार सशक्त होगा। परिवार मजबूत होने से प्रदेश व राष्ट्र को भी फायदा होगा तथा युवा शक्ति भविष्य की चुनौतियों का आसानी से मुकाबला कर सकेगी।
महिपाल ढांडा आज सेक्टर 12 के



जाट भवन में जाट सभा की ओर से आयोजित महापुरूष सम्मान दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों, खिलाडि?ों तथा हरियाणा सिविल सेवा व न्यायिक सेवा में चयनित युवाओं, समाज सेवियों को सम्मानित किया। समारोह में रोड सभा, राजपूत सभा, सारस्वत ब्राह्मण सभा, सैनी सभा, कश्यप सभा, गुर्जर सभा, कंबोज सभा, बाल्मीकि सभा, रविदास सभा, अग्रवाल सभा, पंजाबी सभा, सिख सभा, पाल सभा, मुस्लिम सभा तथा गोस्वामी सभा के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। शिक्षा मंत्री ने सर्व समाज के साथ आगे बढने.के लिये जाट सभा को बधाई दी। उन्होंने महाराजा सूरजमूल को नमन करते हुये कहा कि उन्होंने हिंदू समाज को बचाने के लिये जो संघर्ष किया, उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि देश विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है, हालांकि चुनौतियां भी सामने हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये हर व्यक्ति को निष्ठा के कत्रव्य का निर्वहन करना होगा। नई शिक्षा नीति प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग में लागू की जा चुकी है। मौलिक तथा सेकंडरी शिक्षा विभाग में भी इसे जल्द लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने जाट सभा को ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। सभा के प्रधान भूपेंद्र सिंह ने मंत्री से भवन के पास पार्किंग की व्यवस्था करने तथा भवन के हॉल को एसी बनाने की मांग रखी। मंत्री ने कहा कि वे स्थानीय विधायकों से डी-प्लान के तहत राशि देने का अनुरोध करेंगे।

## सरकारी अस्पताल के डॉक्टर के व्यवहार का मुद्दा उठेगा विस में

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : लोकनायक** जय प्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के इमरजेंसी ड्यूटी के डॉक्टर द्वारा थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा से ठीक ढंग से बात न करने और उनकी अनदेखी करने का मुद्दा विधानसभा के सत्र में गूंजेगा और सारे मामले की लिखित शिकायत सोमवार को मुख्य सचिव हरियाणा को भी दी जाएगी वहीं सरकारी अस्पताल परिसर से ही यह सारा मामला अतिरिक्त मुख्य सचिव हेल्थ विभाग के सुधीर राजपाल को फोन पर विधायक ने बता दिया। बता दे कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में 1000 कुंडीय महायज्ञ चल रहा है, शनिवार को खाने को लेकर विवाद बढ़ गया था और माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि यज्ञ स्थल पर गोली चल गयी जिसमे 2 ब्राह्मण घायल हो गए थे। घायलों का हालचाल पूछने थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा लोकनायक जय



प्रकाश अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर बैठे डॉक्टर को विधायक ने अपना परिचय दिया और घायलों के बारे में जानना चाहा तो डॉक्टर का व्यवहार ठीक नही था। अशोक अरोड़ा का आरोप है कि डॉक्टर ने ठीक ढंग से बात ही नही की। डॉक्टर ने प्रोटोकॉल का भी ध्यान नही रखा और जहाँ एक ब्राह्मण का इलाज चल रहा था उस बेड तक भी डॉक्टर ने जाना उचित नही समझा। विधायक अशोक अरोड़ा ने अस्पताल परिसर में ही मीडिया से बात की और बताया कि उन्होंने यह सारा मामला उच्च अधिकारीयों के संज्ञान में ला दिया है और सोमवार को वो इसकी लिखित शिकायत मुख्य सचिव को भी देंगे।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**गन्नौर । पटेल नगर में** चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और गहने चोरी कर लिए। मकान के किरायेदार ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में आहुलाना निवासी जयशील ने बताया कि वह पटेल नगर में किराये के मकान में रहता है। वह 21 मार्च को दोपहर 1 बजे अपने परिवार सहित गांव गढ़ी केवल, समालखा शादी में गए थे। जब 22 मार्च की सुबह 4 बजे लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। चोरी का पता चलने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चोर घर से 35 हजार नकद, सोने के आभूषण जिसमें ढाई तोले की गलपटिया, ढाई तोले की चैन, 4 जोड़ी अंगूठी, 5 अंगूठियां, झुमके और चांदी के जेवर जिनमें हथफूल, 12 सिक्कों का झालर, 8 जोड़ी पाजेब, व तगड़ी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्राथमिक उपचार-होम नर्सिंग का दिया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य स्नातकोत्तर** महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस इकाई द्वारा "यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी" विषय पर चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत योग अभ्यास से हुई। शिविर में दूसरे दिन पतंजलि योग समिति, पानीपत के जिला प्रभारी व मुख्य योग प्रशिक्षक, योग आयोग, हरियाणा से अशोक अरोड़ा व प्रशिक्षिका सुमन ने विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम के महत्तव बताए। उन्होंने कैम्प में स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास, भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम विलोम सहित अन्य व्यायाम का



प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सा, गीली पट्टी से उपचार व जल नेत्री के बारे में भी अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा ने शिविर में पहुँचने पर योग प्रशिक्षक अशोक अरोड़ा व प्रशिक्षिका सुमन का आभार व्यक्त किया। साथ ही इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विवेक गुप्ता, डॉ. मनीषा डुडेजा व समस्त एनएसएस टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर से विद्यार्थी न सिर्फ स्वयं जागरूक होते हैं अपितु समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में योगा को शामिल करना चाहिए क्योंकि कुछ मिनट प्राणायाम और व्यायाम कर हम पूरा दिन तरोताजा रह सकते हैं। उन्होंने महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित एनएसएस शिविर में सुबह के सत्र की शुरूआत जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, पानीपत की मास्टर ट्रेनर सोनिया शर्मा द्वारा प्राथमिक चिकित्सा पर व्याख्यान के साथ की गई। उन्होंने बताया कि कैसे हम पानी, स्कार्फ, बेल्ट आदि जैसी बुनियादी चीजों का उपयोग करके चोट लगने की स्थिति में किसी जरूरतमंद की सक्रिय रूप से मदद कर सकते हैं।

## गंभीर रुपए से घायल युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में** मेरठ रोड पर सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एक 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुस्ताबाद निवासी विक्की के रूप में हुई है, जो मजदूरी करता था। घटना उस वक्त हुई, जब विक्की 16 मार्च की रात बाइक पर सवार होकर अपने काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही विक्की सडक पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते आज उसने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। रात के समय सडक पर हुए इस हादसे को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। विक्की गंभीर रूप से घायल था और बेहोशी की हालत में पड़ा था। लोगों ने तुरंत ही उसे एम्बुलेंस की मदद से करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में आईसीयू में रखा। डॉक्टरों ने विक्की को बचाने की पूरी कोशिश कीए,लेकिन इलाज के दौरान उसने आज दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सडक पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे आरोपी की पहचान की जा सके।

## किसानों को उद्यमी बनाकर पूरा होगा विकसित भारत का संकल्पः जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन** जिन्दल ने आज लोकसभा में भारतीय किसानों को एग्री-उद्यमी बनाने और कृषि को एक लाभदायक एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए, सांसद नवीन जिन्दल ने नीतिगत सुधारों, आधुनिकीकरण और वैश्विक व्यापार विस्तार का आह्वान किया ताकि भारतीय कृषि अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा कर सके और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित हो।कृषि परिवर्तन के पांच स्तंभ - सांसद नवीन जिन्दल ने कृषि मूल्य श्रृंखला के संपूर्ण विकास के लिए एक संरचित पाँच-स्तंभीय दृष्टिकोण प्रस्तुत कियाः उन्होंने उत्पादन (प्रोडक्शन) तकनीक, उच्च उत्पादकता वाली फसलें और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से कृषि उत्पादन बढ़ाना पर जोर दिया।भंडारण के लिए आधुनिक कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउसिं ग और अनाज भंडारण केंद्र विकसित करना, जिससे कटाई के बाद होने वाले नुकसान को रोका जा सके।? परिवहन के लिए ग्रामीण सड़कों, लॉजिस्टिक्स और रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करना ताकि आपूर्ति श्रृंखला अधिक प्रभावी हो।?खुदरा के लिए किसानों को सीधा बाजार से जोड़ना, डिजिटल प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देना और उचित मूल्य निर्धारण नीतियों को लागू करना ताकि बिचौलियों की भूमिका कम हो।? उपभोक्ता के लिए सुनिश्चित करना कि उच्च गुणवत्ता वाले और किफायती कृषि उत्पाद हर घर तक सुचारू रूप से पहुँचें।विदेशों में भारतीय किसानों के लिए कृषि अवसरों का विस्तार सांसद नवीन जिन्दल ने भारतीय किसानों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कृषि कार्य करने के लिए विदेशी भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को उन देशों के साथ कृषि भूमि अधिग्रहण की संभावनाओं को तलाशना चाहिए जो भारतीय किसानों को प्रोत्साहन दे सकते हैं।? इससे भारत की खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और वैश्विक कृषि बाजार में भारत की स्थिति सुदृढ़ होगी।? किसानों को बड़े बाजार, बेहतर व्यापार नीतियों और अंतर्राष्ट्रीय निवेश अवसरों तक पहुंच मिलेगी। लोकसभा में सांसद नवीन जिन्दल के भाषण के प्रमुख बिंदुः उन्होंने ?1.37 लाख करोड़ के कृषि बजट का स्वागत किया और पीएम धन-धान्य कृषि योजना में हरियाणा को शामिल करने की मांग की। किसानों की आय सुरक्षा पर जोर, यह दशार्ते हुए कि उनकी औसत दैनिक आय अभी भी न्यूनतम मजदूरी से कम है। भंडारण और लॉजिस्टिक्स में सुधार की आवश्यकता जताई, जिससे 1.5 लाख करोड़ की कटाई के बाद फसल की बर्बादी को रोका जा सके।

## अवेंजर्स क्रिकेट क्लब को हराकर रॉयल मॉन्सटर क्लब बनी चैंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। स्टार स्पोर्ट्स** एंड फिटनेस सेंटर में स्टार क्लब करनाल द्वारा द्वितीय लेदर बॉल नाइट कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। भाग लेने वाली टीमों में मुख्य रूप से करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत व अन्य जिलों से थी। इस टूर्नामेंट I में कुल 31 मैच रात में खेले गए। टूर्नामेंट में 24 लीग, 4 क्वार्टर फाइनल, दो सेमी फाइनल और फाइनल खेले गए। फाइनल मैच पानीपत के अवेंजर्स क्रिकेट क्लब और करनाल के रॉयल मॉन्स्टर



क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें रॉयल मॉस्टर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 220 रन बनाए। 221 रनों का पीछा करते हुए अवेंजर क्लब 185 रन बना पाया और रॉयल मॉन्स्टर क्लब ने 35 रनों से फाइनल मुकाबला व यह टूर्नामेंट जीत लिया। टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर और प्लेयर ऑफ दा टूर्नामेंट का अवार्ड मॉन्स्टर क्रिकेट क्लब के अमित कंबोज ने जीता।

## 372 पुलिसकर्मियों ने दिया मॉक टेस्ट

**पानीपत, (कमाल हुसैन) सिपाही से** हवलदार बनने के लिए बी-1 परीक्षा से पहले शनिवार को करनाल मंडल के तीन जिलों के 372 पुलिसकर्मियों का समालखा स्थित पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन मॉक टेस्ट कराया गया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनीया आईपीएस, एएसपी सृष्टि गुप्ता आईपीएस व अन्य अधिकारियों की निगरानी में पानीपत, करनाल व कैथल से आए जवानों ने ऑनलाइन परीक्षा दी। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर आईपीएस के दिशा निदेशों पर करनाल रैंज के पुलिसकर्मियों की बी-1 परीक्षा के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

## राष्ट्र एवं समाज के लिए जीवन समर्पित होना चाहिएः माफी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : भारत सरकार के** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के दिशा निर्देश तथा कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दो दिवसीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025, नोडल स्तरीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष थानेसर नगर पालिका माफी ढांडा ने कहा कि हमें राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए अपने जीवन को समर्पित करना चाहिए। हमारा समर्पण भाव ही देश को विकसित बनाने अहम भूमिका निभाएगा। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुभाष कलसाना ने



युवाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया और इसकी महत्वता के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसके साथ ही उन्होंने एक राष्ट्र और एक चुनाव एवं कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी बात की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आनंद कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किय तथा उप-समन्वयक डॉ. नीरज बातिश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। निर्णायक मंडल में प्रो. डीएस राणा, राहुल वर्मा, डॉ. धर्मवीर, राजपाल सिंह और गौरव सैनी ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी मीशा, डॉ. संदीप वत्स, डॉ. वीर विकास, मनोज वर्मा, अमित कुमार, सोनल सिंह, सुमित मलान, कुलदीप, दिव्या शर्मा व अंकिता आदि मौजूद रहे।

**राज्य स्तरीय संसद प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी चयनित**

नोडल स्तरीय प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकुला और यमुनानगर जिलों में प्रतियोगिता के आयोजन करने का दायित्व मिला था। नोडल स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रा उपासना, मनस्वी बांगड, लविका, एलिश, काजल, पलक धीमान, गरिमा कालरा, कुमारी ऋचा, अंशिका गोयल व हिमांगी शर्मा की प्रस्तुतियां बेहतर रही।

## सेना के लिए शिविर में 105 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** श्याम रस सेवा समिति एवं कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन ने मिल कर भारतीय सेना के लिए एक रक्त दान शिविर का आयोजन श्री देवी मंदिर के प्रांगण में किया गया, *मेरा खून देश के नाम,* पानीपत के नौजवान साथियों ने और महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर अपना रक्त दान किया ।
शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ सेना की टीम का 105 यूनिट का टार्गेट था जो 11.00 बजे ही पूरा हो गया। उसके बाद भी रक्तदान दाताओं की लाइन लगी रही, सभी साथियों से विनम्रता के साथ क्षमा मांगते हुए सबसे प्रार्थना की कि अगली बार रक्तदान शिविर में रक्तदान करें । रक्तदान शिविर में मुख्य



अतिथि हरीश शौनक उपस्थित रहकर सभी रक्तदान करने वाले नौजवान साथियों का हौसला बढ़ाया, और श्याम रस सेवा समिति और कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों का रक्तदान शिविर आयोजित करने पर धन्यवाद किया । कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन के प्रधान अशोक कैलाशी ने बताया ये उनकी समिति का 43 वां रक्तदान शिविर है। रक्तदान शिविर में दिल्ली से भारतीय सेना के डॉक्टरों की पूरी एक टीम ने आकर आए। हुए सभी रक्त दाताओं के रक्त की जाँच की और बहुत अच्छे से सभी का ध्यान रखते हुए भारतीय सेना के लिए रक्त लिया । दिल्ली सेना से आए हुए डॉक्टर ने बताया कि रक्त ले जाकर दिल्ली हॉस्पिटल में रक्त की पूर्ण जांच होती है उसके पश्चात देश में सेना के जवानों को जहां भी रक्त की आवश्यकता होती है। वहां रक्त भिजवा दिया जाता है उन्होंने कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन और श्याम रस सेवा समिति के सभी सदस्यों का रक्तदान शिविर आयोजित कराने पर धन्यवाद किया । श्याम रस सेवा समिति के प्रधान अमित राज गुप्ता ने आए सभी रक्त दाताओं का, श्याम रस सेवा समिति के सभी सदस्यों का और विशेष रूप से कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन के प्रधान अशोक कैलाशी और कुलदीप गोयल का धन्यवाद किया । बताया कि श्याम रस सेवा समिति का ये दूसरा रक्तदान शिविर है, समिति के महासचिव संजय बंसल ने बताया कि 23 मार्च को श्री श्याम प्रभु का चतुर्थ श्री श्याम वंदना महोत्सव यहीं श्री देवी मंदिर के पवित्र प्रांगण में मनाया जाएगा, कीर्तन में भजन गायक कन्हैया मित्तल , नरेश सैनी , आशु वर्मा , वैष्णवी जनेजा आ रही है, गंगाराम मंगला और राजकमल गर्ग ने सभी से भक्तो से आह्वान किया है कि सभी भक्तजन आकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें, ।
शिविर में मुख्य रूप से मुकेश बंसल संजय बंसल, गंगाराम मंगला, सुशील गोयल, सुशील मित्तल, राजकमल गर्ग तरसेम सिंगला, संजय जैन, ईश्वर गोयल, सत्य नारायण, दिनेश बंसल, शीश पाल, संदीप गर्ग, जय भगवान. समीर बंसल, अमित गोयल, नरेश तायल, नरेंद्र गर्ग, संदीप तायल, कुलदीप गोयल, आदि उपस्थित रहे।

## शंभू-खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने के लिए पंजाब सरकार दोषीः राकेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। संयुक्त किसान** मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं किसान नेता राकेश टिकैत ने शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर से आंदोलनरत किसानों को हटाए जाने के सवाल पर पंजाब सरकार को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि किसानों बॉर्डर से हटाने के मामले में पंजाब सरकार गलत है। किसानों को बॉर्डर से हटाने का खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। शनिवार को किसान नेता राकेश टिकैत घरौंडा में किसान नेता डॉ. सत्यवीर तौमर के बेटे की शादी में शामिल हुए थे और उसे आशीर्वाद दिया। यहीं पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा यही थी कि पूरे देश का आंदोलन पंजाब की धरती पर ही चले और पंजाब सरकार इस गिरफ्त में फंस जाए। पंजाब सरकार को पूरे मामले पर माफी मांगनी चाहिए और हमारे जितने भी किसान जेल में बंद किए हैं, उन सबको तुरंत प्रभाव से रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की ट्रैक्टर और ट्रालियां आप पार्टी के नेताओं के घर से बरामद हो रही हैं, यह भी गलत चीजें हैं। यह भी गलत है कि आप पार्टी के विधायक ट्रैक्टर और ट्रॉलियों को अपने घरों में ले गए। ट्रैक्टर-ट्रालियों को आप पार्टी के विधायक स्वयं लेकर गए हैं या उनके घर में किसी ने खड़े किए हैं, इस बात का स्पष्टीकरण सरकार को देना चाहिए। राकेश टिकैत ने कृषि मंत्री के बयान पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि वे तो चाह यही रहे थे कि पंजाब की धरती पर आंदोलन हो और किसान बदनाम हो, सरदार बदनाम हो और पंजाब सरकार बदनाम हो और पंजाब सरकार इस गिरफ्त में फंसी भी।

# सुरक्षा सुनिश्चित होने तक पंजाब में नहीं रुकेंगी हिमाचल की 600 बसें: मुकेश अग्निहोत्री

**कड़ा रुख**

**सरकार ने साफ कर दिया है कि यात्रियों और परिवहन कर्मियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** प्रदेश सरकार ने पंजाब में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों पर हुए हमलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। हिमाचल प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत दिवस को शिमला में कहा कि जब तक एचआरटीसी की बसों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक हिमाचल पथ परिवहन निगम की 600 बसें पंजाब में नहीं रुकेंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब हिमाचल की बसें पंजाब के बस अड्डों में पार्क भी नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के पुलिस महानिदेशक ने इस मामले में पंजाब के डीजीपी से बात की है और इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष भी उठाया जाएगा। अग्निहोत्री ने कहा की यात्रियों, ड्राइवरों और कंडक्टरों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस मामले पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से दोबारा बातचीत की है और जबतक ठोस सुरक्षा उपाय नहीं किए जाते तबतक हिमाचल सरकार का यह कड़ा रुख जारी रहेगा। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी बसों की सुरक्षा को लेकर पंजाब सरकार से लगातार बातचीत की जा रही है। सुरक्षा को लेकर आश्वासन मिलने के बाद ही बसों के संचालन पर कोई फैसला लिया जाएगा। हिमाचल सरकार ने साफ कर दिया है कि यात्रियों और परिवहन कर्मियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो सरकार कुछ रूट भी सस्पेंड कर सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ रूटों पर चलने वाली बसों को वापिस हिमाचल की सीमा में बुलाया जाएगा और कुछ बसों को पंजाब बॉर्डर तक ही चलाया जाएगा।

### हमें फक्र है 1.36 लाख कर्मचारियों को ओपीएस देने का

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को इस बात का फक्र है कि उन्होंने राज्य के 1.36 लाख कर्मचारियों को ओपीएस की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के फैसले के बाद 117521 कर्मचारियों ने ओपीएस को अपनाया है जबकि 1356 कर्मचारी अभी भी एनपीएस में है। एनपीएस के तहत प्रदेश सरकार का 9242 करोड़ रुपए केंद्र के पास जमा है: मुकेशविधायक सतपाल सत्ती के मूल सवाल के जबाव में अग्निहोत्री ने कहा कि एनपीएस के तहत प्रदेश सरकार का 9242 करोड़ रुपए केंद्र के पास जमा है। इसमें से 50 प्रतिशत राशि प्रदेश सरकार और 50 प्रतिशत कर्मचारियों की है।

उन्होंने कहा कि जबतक केंद्र के पास जमा प्रदेश सरकार का पैसा वापिस नहीं आ जाता तबतक कर्मचारी ओपीएस के पात्र नहीं होंगे।

# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृहमंत्री से भेंट की

**भेंट**

**बैठक में मुख्यमंत्री के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व ओंकार चंद शर्मा उपस्थित थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से वर्ष 2023 के मानसून में भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रदेश को हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजा जारी करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा उपरांत आवश्यकता मूल्यांकन वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है लेकिन



केंद्र सरकार द्वारा अभी तक राहत राशि प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि प्राकृतिक आपदा के दौरान पेयजल, सिंचाई योजनाएं, अधोसंरचना, सडकों और पुलों को भारी क्षति पहुंची थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों का उपयोग कर जन जीवन सामान्य करने के लिए राहत और पुनर्वास कार्य किए। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रदेश हित से जुड़े विभिन्न मामलों पर भी चर्चा की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रदेश को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व ओंकार चंद शर्मा उपस्थित थे।

## अमृतसर में एचआरटीसी की 4 खड़ी बसों में हुई तोड़-फोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुकेश अग्रिहोत्री ने कहा है कि पंजाब में हिमाचल प्रदेश की बसों को नुकसान पहुंचाए जाने से सरकार चिंतित है। उन्होंने कहा कि इस समय पड़ौसी राज्य पंजाब से प्रदेश की 600 बसें विभिन्न रुटों पर चलती है। ऐसे में एचआरटीसी की बसों को निशाना बनाए जाने से प्रदेश सरकार को कोई निर्णय लेना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने यह बात विधानसभा में विशेष वक्तव्य के माध्यम से कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अमृतसर में बीती रात एचआरटीसी की खड़ी 4 बसों को नुकसान पहुंचाने के अलावा विवादित पोस्टर भी लगाए गए हैं।

# एसआईवीटी कंप्यूटर संस्थान रोजगारान्मुखी एजूकेशन पर दे रहा है बल: सतीश शर्मा

**वार्षिक बैठक**

**टैली, एआई, पायथन प्रोग्रामिंग, ड्रोन टैक्नॉलोजी, एडवांस एक्सल, बैव डिजायनिंग है प्रमुख बिंदु**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठा कुर**

**बिलासपुर:** शिवम इंस्टीच्यूट फॉर वो केशनल ट्रेनिंग सेंटर (एसआईवीटी) की वार्षिक बैठक मुख्य कार्यालय घुमारवीं में संस्था के चेयरमैन दिनेश भुट्टो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठ क में गत और आगामी वित्तिय वर्ष की गतिविधियों को ले कर चर्चा की गई तथा वित्तीय लेखाजोखा प्रस्तुत ि कया गया, जिसे




सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। यह जान कारी देते हुए एसआईवीटी के प्रबंध निदेश क सतीश शर्मा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य आर्थि क रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निशुल क कंप्यूटर शिक्षा देना है, जिसमें एसआईवीटी की चार जिलों में काम कर रही 18 शाखाओं में प्रति शाखा दस बच्चों को यह शिक्षा निशुल क दी जा रही है। उन्होंने बताया ि क इस दौरान बच्चों को कंप्यूटर की आधुनि कता एवं मौजूदा परिवेश की जरूरत के हिसाब से शिक्षा देने के लिए एसआईवीटी वचनबद्ध है। एसआईवीटी के 25 विद्यार्थी सर कारी क्षेत्र में जॉब कर रहे हैं, जो ि क संस्थान के लिए गर्व की बात है। एसआईवीटी द्वारा टैली, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, पायथन प्रोग्रामिंग, ड्रोन टैक्नॉलोजी, एडवांस एक्सल, बैव डिजायनिंग आदि का प्रशिक्षण अनुभवी एवं दक्ष फे कल्टी द्वारा दिया जा रहा है। इससे एसआईवीटी संस्थान के बच्चे सर कारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया ि क इस वित्तीय वर्ष में एसआईवीटी द्वारा कुल्लु, शिमला, सोलन और कांगड़ा में नए संस्थान खोलेगी ता ि क दूर दराज के क्षेत्रों के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा सहजता से मिल स के। उन्होंने कहा कि एसआईवीटी के पदाधि कारी सभी शाखाओं का औच क निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच करेंगे ता ि क ढांचागत सुधार किया जा सके। सतीश शर्मा ने कहा कि बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के लिए हर तीन महीने बाद स्कि ल टैस्ट क आयोजन इंटर ब्रांच किया जाएगा। अव्वल प्रदर्शन करने वाले बच्चों को वार्षि क पुरस् कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। जबकि बेहतरीन परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्ष कों को भी सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने बताया ि क आगामी ए क अप्रैल से एसआईवीटी की हर शाखा में शिक्ष कों के लिए ड्रैस कोड लागू हो गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### युद्ध की तरह लडना होगा चिट्टे के खिलाफ: मुकेश अग्निहोत्री

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमला: प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में चिटटे की विकराल हो चुकी समस्या को खत्म करने के लिए इसके खिलाफ युद्ध की तरह लड?ा होगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई आसान नहीं है। अग्निहोत्री गत दिवस को विधानसभा में गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस के तहत विधायक केवल सिंह पठानिया द्वारा लाए गए संकल्प पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार एक ऐसा कड़ा कानून ला रही है। जिसके लागू होने पर हिमाचल में लोग चिटटे के कारोबार में शामिल होने से हमेशा के लिए तौबा कर लेंगे। उन्होंने इसके लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों से सहयोग की अपील की। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिटटे की तस्करी में शामिल किसी को भी नहीं बख्सेगी। उन्होंने कहा कि यदि चिटटे की तस्करी में कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी पकड़ा जाता है तो उसकी नौकरी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में चिटटे की समस्या को खत्म करने के लिए प्रिवेंटिव एनडीपीएस एक्ट लागू कर दिया है और अब यदि किसी पर चिटटे की तस्करी का संदेह भी होगा तो भी वह छह महीने के लिए अंदर जाएगा। अग्निहोत्री ने दावा किया कि चिटटे के खिलाफ जितना अच्छा काम मौजूदा सरकार कर रही है उतना अच्छा काम इससे पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चिटटे के खिलाफ बहुत कड़ा कानून लाने जा रही है। उन्होंने हिमाचल को रेंगता या उड़ता हिमाचल जैसे नाम देने का भी विरोध किया और कहा कि हमें इससे बचना है।

**चिटटे के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति: पठानिया**

इससे पूर्व केवल सिंह पठानिया ने संकल्प पेश करते हुए कहा कि चिटटे का पहाड़ पर पहुंच जाना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिटटे को रोकने के लिए कड़ा कानून जरूरी है। उन्होंने बॉर्डर एरिया में अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबे समय तक नियुक्ति का विरोध किया और कहा कि खेल गतिविधियों पर अधिक से अधिक पैसा खर्च किया जाना चाहिए ताकि युवाओं को इस और आकर्षित किया जा सके। विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा कि प्रदेश के चिटटा विकराल रूप धारण कर चुका है। उन्होंने कहा कि इसके प्रसार को रोकने के लिए हो रहे प्रयास नाकाफी है। उन्होंने भांग की खेती की योजना का भी विरोध किया। वहीं विधायक राकेश कालिया ने चिटटे के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रमों पर जोर दिया और कहा कि स्कूलों में प्रत्येक विद्यार्थी के लिए कम से कम एक खेल में हिस्सा लेना अनिवार्य बनाया जाए। विधायक दलीप ठाकुर ने चिटटा तस्करों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई पर जोर दिया और कहा कि इनकी संपति तुरंत जब्त होनी चाहिए। विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार चिटटे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। डॉ. जनकराज ने कहा कि बच्चे की एक्टिविटी पर नजर रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा नंबर जारी करे जहां पर चिटटे की सूचना देने वाला नाम गुप्त रखा जाए ताकि वह बिना किसी डर के चिटटे के खिलाफ बोल सके।

विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि अगर भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित करना है तो इस पर कोई ठोस नीति लानी होगी। आज की युवा पीढ़ी इस चिटट के दलदल में फंसकर खराब हो रही है। प्राइमरी स्कूल से ही बच्चों की काउंसलिंग होनी चाहिए, ताकि बचपन से ही हर एक चीज को पता चल सके। विधायक डॉ. हंसराज, भुवनेश्वर गौड़, सतपाल सिंह सत्ती, अनुराधा राणा, विपिन सिंह परमार और रणजीत राणा ने भी चर्चा में हिस्सा लिया। संकल्प पर चर्चा अगले निजी सदस्य कार्य दिवस पर भी जारी रहेगी।

### एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया ने भिंडरावाला के खिलाफ शिमला में चंडीगढ़ की बसों पर लगाए भारतमाता के फोटो, भिंडरावाला के खिलाफ की नारेबाजी, सीएम से सख्त कार्यवाई की उठाई मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** पंजाब में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसों के साथ तोडफोड़ के मामले रुकने का नाम नही ले रहे है। बीती रात को अमृत सर में बस्टेण्ड में खड़ी एचआरटीसी की 4 बसों के साथ तोडफोड़ हुई है। अज्ञात लोगों ने एचआरटीसी बसों के साथ तोडफोड़ के अलावा बसों पर खालिस्तान अंकित किया है। वही राजधानी शिमला में एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य शनिवार को शिमला पहुचे ओर द्वह्यह्रद्धह्ल में पंजाब की बसों पर भारतमाता के पोस्टर लगाए हिमाचल के मुख्यमंत्री से भिंडरावाले के पोस्टर ओर झंडे लेकर हिमाचल आने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की मांग की।

# शिव शक्ति कान्वेंट स्कूल कसारु में पहाड़ी क्षेत्र का सुनियोजन विषय पर कार्यशाला का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठा कुर**

**बिलासपुर:** पहाड़ी क्षेत्र का सुनियोजन विषय पर शिव शक्ति कान्वेंट स् कूल कसारु में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ि कया गया। इस का आयोजन गुरु राम दास स् कूल ऑफ प्लानिंग व गुरु नान क विश्वविद्यालय अमृतसर के सौजन्य से ि कया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ पीएल गौतम कुलपति डॉ राजिंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय समस्तीपुर बिहार थे जबि क कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पुलिस महानिदेश क आईडी भंडारी ने की। इस अवसर पर प्लानिंग स् कूल के विभागध्यक्ष डॉ. अश्वनी लूथरा ने कहा ि क प्लानिंग स् कूल की स्थापना वर्ष 1972 में हुई थी तथा अब त क 1100 से ज्यादा छात्र स्नात क की परीक्षा पास कर के नि कल चु के है तथा कोई भी बेरोजगार नहीं है। स् कूल को यह वरदान है ि क पूरे देश में इस के छात्रों के माध्यम से कोई न कोई कार्यक्रम चलता रहता है। मुख्य अतिथि डॉ. पीएल गौतम ने कहा ि क सुनियोजन की बहुत आवश्य कता है। हमारी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है तथा जिससे पर्यावरण को नु कसान पहुंच रहा है। प्लानिंग में वर्तमान संसाधनों को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करना भी शामिल है। शहरों में तो प्लानिंग से काम हो रहा है लेि कन गांवों में प्लानिंग की बहुत आवश्य कता है। लोग धड़ल्ले से नए भवनों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा ि क सुनियोजन तो सही तरी के से हो रहा है लेि कन उस को लागू करने में बहुत कठिनाई आती है। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता आईडी भंडारी ने की। इस अवसर पर पूर्व प्रोफेसर मंजीत सिंह ने उत्तरी भारत की पहाडि?ां.जन्म, उन के सुनियोजन और वि कास के लिए दृष्टि कोण तथा प्रदेश के पूर्व राज्य टाउन प्लानर आद राम सांख्यान ने पहाड़ों में सुनियोजन.मुद्दे और चुनौतियों विषय पर स्लाइड के माध्यम से अपना पत्र प्रस्तुत ि कया। द्वितीय सत्र में अध्यक्षता एमएस आहूजा ने की।

## श्री रविदास मंदिर में सालाना जोड़ मेला 23 से

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

ऊना: श्री गुरु रविदास मंदिर में श्री गुरु रविदास मंदिर नंगल खुर्द में 23 व 24 मार्च को श्री गुरु रविदास जी का प्रकाश उत्सव व सालाना जोड़ मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया। 22 मार्च को पाठ का आरंभ किया जाएगा, जिसका भोग 24 मार्च को पड़ेगा। श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा नंगल खुर्द के सेवादार राम आसरा ने बताया कि 24 मार्च को सुबह झंडा रस्म की गई। इसके बात कीर्तन दरबार लगाया गया। उन्होंने बताया कि संत बाबा राकेश कुमार कांगड़ द्वारा कीर्तन किया गया, जिसमें बाबा जी ने श्री गुरु रविदास जी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला और श्री गुरु रविदास जी द्वारा दिए गए उपदेशों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# विदाई पार्टी का किया गया आयोजन

**विदाई पार्टी**

**कॉमर्स सोसाइटी के सौजन्य से बी. कॉम तृतीय वर्ष के छात्रों को विदाई पार्टी का आयोजन किया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**विनोद सरोत्री**

**नगरोटा बगवां:** राज कीय उत कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ में कॉमर्स सोसाइटी के सौजन्य से बी. कॉम तृतीय वर्ष के छात्रों को विदाई पार्टी का आयोजन ि कया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डा. सुरेन्द्र सोनी, डा. मंजीत सिंह, डा राजीव कुमार, डा. सोनि का ने द्वीप प्रज्ज्वलन एवं



सरस्वती बंदना के साथ ि किया गया। प्राचार्य डा. सुरेन्द्र सोनी ने कहा कि मैं देख रहा हूँ ि क कॉमर्स विभाग में लड़ ि कयों की संख्या कम होती थी परन्तु आज इसी विभाग में लड़ ि कयों की संख्या अस्सी प्रतिशत हो गयी है जो महिला सशक्ति करण का ए क अनूठी पहल है। प्राचार्य डा. सोनी ने कहा कि बी. कॉम के वाद सभी बच्चे अपना अपना भविष्य तय करने में ए क जुट हो जाएँ और आपने और आपने माता पिता के सपनों को सा कार करें। इस मौके.पर सांस्कृति क कार्यक्रम आयोजित किये गए।

# झंडूता में डा. आंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठा कुर**

**बिलासपुर:** बिलासपुर के झंडूता के अंबेड कर भवन में डा. अंबेड कर समाज सुधार समिति और हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्य क वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की संयुक्त बैठ क रमेश सोहता सेवानिवृत सहाय क अभियंता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठ क में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला महामंत्री नंद लाल आचार्य विशेष रूप से मौजूद रहे। इस बैठ क में आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेड कर जयंती को भव्य तरी के से मनाने को ले कर चर्चा की गई। यह जान कारी देते हुए



समिति के अध्यक्ष रमेश सहोता व महामंत्री ि कशोरी लाल ने बताया ि क इस समिति के विस्तार के लिए पंचायत स्तर पर लोगों को जोड़ा जाएगा। जिस का दायित्व कैप्टन ज्योति राम को एवं सेवानिवृत एसएचओ प्रेमदास, सेवानिवृत बीपीईओ ज्ञान सिंह गंभीर को सौंपा गया। उन्होंने बताया ि क 14 अप्रैल को सुबह भारी संख्या में लोग जिलास्तरीय रैली के लिए रवाना होंगे। जो घुमारवीं से चलने वाली रैली के साथ भगेड़ फोरलेन पर मिलेंगे। बाद में यह विशाल रैली मंडी भराड़ी, कोठीपुरा, रघुनाथपुरा, लखनपुर और बिलासपुर शहर के साथ चांदपुर कंदरौर होते हुए वापिस घुमारवीं पहुंचेगी। वहीं इस मौ के पर जर्जर हो रहे अंबेड कर भवन की जीर्णोद्वार तथा आसपास के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के लिए सेवानिवृत अधीक्ष क निक्का राम सहगल, जीआर सहगल को जिम्मेवारी सौंपी गई। राम लाल, ि कशोरी लाल, राम गोपाल चैहान को समय समय पर अंबेड कर भवन घुमारवीं का निरीक्षण करने के लिए अधि कृत ि किया गया। जिला महामंत्री नंद लाल आचार्य ने बताया ि क समाजि क न्याय भाईचारा, बंधुत्व को स्थापित करने के लिए जनसाधारण त क पहुंचने के लिए समाज के लिए सभी शोषित, वंचित व पीड़ितों को ए क सूत्र में बांधने के लिए मोर्चा ने घर घर दस्त क देना शुरू कर दिया है।

# मुच्छाली पंचायत ने स्वयंसेवियों को दिया एक्सीलेंसी अवार्ड



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मुच्छाली ने बंगाणा कॉलेज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवियों को एक्सीलेंसी अवार्ड से सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित सादे कार्यक्रम में पंचातय प्रधान अजय शर्मा ने स्वयंसेवियों को स्मृति चिन्ह दिया। इस दौरा एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी भी मौजूद रहे। उपप्रधान अजय शर्मा ने कहा कि एनएसएस यूनिट ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता का विकास हुआ है।





बजट सत्र के 10वें दिन की कार्यवाही का संचालन आरम्भ करने सदन की ओर जाते हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां/बजट सत्र के 10वें दिन की कार्यवाही का सदन के अन्दर संचालन करते हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां।

# शिक्षा और संस्कार देकर विद्यार्थियों को एक अच्छा नागरिक बनाने का होना चाहिए लक्ष्य: कौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला समाज** कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव नवरस का किया शुभारंभ, शैक्षणिक, खेल कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित,उम्दा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही सेंट थॉमस कान्वेंट स्कूल का वार्षिक उत्सव बना रहेगा यादगार कुरुक्षेत्र 22 मार्च। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार



देकर विद्यार्थी को एक अच्छा नागरिक बनाने का लक्ष्य हर शिक्षण संस्थान को निर्धारित करना होगा। जब शिक्षण संस्थान से एक अच्छा नागरिक तैयार होगा तो निश्चित ही देश व प्रदेश विकास की राह पर तेज गति के साथ आगे बढ़ेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडोटोरियम हॉल में सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव नवरस में बोल रही थी। इससे पहले डीएसडब्लयूओ सुरजीत कौर, स्कूल की एमडी अजंलि मरवाह, सब डायरैक्टर कार्तिकेय मरवाह, संदीप मारवाह , प्रधान अध्यापिका आरती सूरी व संचालिका रजनी जैन, समाजसेवी पंकज अरोड़ा ने विधिवत रूप से इस वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया। इस वार्षिक उत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने स्कूल की शैक्षणिक,खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में सराहनीय

प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय के लिए वार्षिक उत्सव सबसे महत्वपूर्ण उत्सव होता है। यह वार्षिक उत्सव किसी भी विद्यालय द्वारा की गई प्रगति को प्रदर्शित करने का एक सुंदर माध्यम होता है। इस उत्सव को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए तभी इस उत्सव के सार्थक परिणाम सामने आते है तथा विद्यालय में पढने वाला प्रत्येक छात्र व पढ़ाने वाले अध्यापकगण खुद को गौरवांनित महसूस करता है।

# सीबीएसई की ओर से एक तीन -दिवसीय सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**डीएवी सैंटनरी** पब्लिक स्कूल समालखा के प्रांगण में सीबीएसई पंचकूला की ओर से एक तीन - दिवसीय सेमिनार का प्रारंभ किया गया, जिसका विषय नई शिक्षा नीति 2020 था। इस आयोजन में विभिन्न सकूलों से 60 अध्यापक-अध्यापिकाएं सम्मिलित हुए। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 से अवगत करवाना था, जिससे वे अपने शिक्षण पद्धति में सुधार ला सकें और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। सेमिनार में भारती सहगल तथा डॉक्टर सीमा मलिक बतौर विशेषज्ञ पधारे। दोनों विशेषज्ञों ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 के विभिन्न पहलुओं पर




विस्तार से चर्चा की और शिक्षकों को इसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस आयोजन के अवसर पर, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल समालखा की प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने कहा, "हमें सीबीएसई, पंचकूला के सहयोग से यह सेमिनार आयोजित करने का अवसर मिला, जिससे हमारे शिक्षकों को न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी मिल सके।" इस सेमिनार के माध्यम से, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल समालखा ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

## न्यूज फ्लैश

### घर से दो युवती अचानक हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शहर के एक नजदीकी** गांव से 23 वर्षीय युवती घर से अचानक लापता हो गई हैं। युवती करीब एक महीने पहले हीं जींद(सफीदों ) से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करके घर पर आई थी। युवती के पिता ने पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की हैं। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। युवती के पिता ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 23 वर्षीय लड़की बीएससी नर्सिंग जींद (सफीदो) से करके लगभग एक महीने पहले घर पर आई थी। लड़की बीती रात्री को बिना बताए घर से चली गई है। लड़की का मोबाइल फोन भी मकान के बाथरूम में मिला हैं। लड़की घर से कोई कीमती सामान नहीं लेकर गई है। शहर के एक मौहल्ला निवासी आईटीआई में पढ़ने आई एक 20 वर्षीय छात्रा अचानक लापता हो गई हैं। छात्रा के चाचा ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की हैं। छात्रा चाचा ने सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर के एक मौहल्ले का निवासी हैं। उसकी भतीजी आईटीआई में पढ़ने के लिए गई थी। लेकिन वह अभी तक वापिस नही पहुंची है, उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। उसकी भतीजी की उम्र 20 साल है। हमने भतीजी को अपने रिस्तेदारों व जानकारों से पता कर लिया, लेकिन कोई अता-पता नही हैं।

### दुनियाभर में बढ़ रहा सनातन का सम्मान, महायज्ञ में पहुंचे विदेशी यजमान..

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: जी हां, दुनियाभर में** सनातन का प्रचार और सम्मान इस कदर बढ़ रहा है कि कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में आयोजित हो रहे महायज्ञ में अब विदेशी यजमान भी पहुंचकर आहुतियां डाल रहे हैं। शुक्रवार की सुबह कोलंबिया से पहुंचे दंपत्ति ने महायज्ञ में शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना की फिर हवन कुंड के समक्ष बैठकर मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां डालीं। उन्होंने यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम दास जी से आशीर्वाद भी लिया।

### दुकान में घूस मारपीट व लूट करने के और तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, (कमाल हुसैन) थाना माडल** टाउन की आठ मरला चौकी पुलिस टीम ने सतकरतार कॉलोनी स्थित प्रिटींग प्रैस की दुकान में घूसकर युवक से मारपीट व लूटपाट करने मामले में शुक्रवार को और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान साहिल उर्फ काकू व गौरव उर्फ पिडी निवासी किशनपुरा व सुमित निवासी आजाद नगर के रूप में हुई। आठ मरला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी रणजीत निवासी सतकरतार कॉलोनी हाल न्यू क्रांति नगर व अमन निवासी बुड़शाम व फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### कृषि उपकरण (सुपर सीडर) चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत,(कमाल हुसैन) थाना बापौली** पुलिस ने अतौलापुर गांव में घेर से कृषि उपकरण (सुपर सीडर) चोरी करने वाले आरोपी को शुक्रवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान साहिल निवासी अतौलापुर के रूप में हुई। थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि थाना बापौली में सोमपाल पुत्र मामन सिंह निवासी अतौलापुर ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने गेहू की बिजाई करने के बाद अपना कृषि उपकरण (सुपर सीडर) रोशन के घेर में खड़ा किया था। 20 मार्च को उसने घेर में जाकर देखा सुपर सीडर नहीं मिला। सुपर सीडर को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने सोमपाल की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए थे। सोमपाल ने दौबारा से थाना में आकर बताया उसको गांव निवासी साहिल पर चोरी का शक है।

# फेस्ट में सपनों के पीछे दौड़ना और जीतना सिखाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**आपको सपनों** के पीछे न केवल दौड़ना है, बल्कि जीतना भी है। ये जरूरी नहीं कि जिसमें आपकी रूचि हो, उसी में सफलता मिलेगी। कई बार ऐसा होता है कि हमें गीत अच्छे लगते हैं। लेकिन हम खुद अच्छा गीत नहीं गा यकते। यानी, गायक नहीं बन सकते। ठीक वैसे ही करिअर में हमें ये सोचना होता है कि क्या हमें जिस क्षेत्र में रूचि है, उसमें सफल भी हो सकते हैं या नहीं। जिस भी क्षेत्र में जाएं, उसमें अपना सौ प्रतिशत दें। अपनी ताकत को पहचानकर ही आगे बढ़ें। यह बात मोटीवेटर स्पीकर गौरव एवं मैडाम (जैन अमर हाउस ऑफ फैशन) के कार्यकारी



निदेशक अखिल जैन ने कहे। अवसर था पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में अद्वितीय नेशनल मैनेजमेंट फेस्ट का। बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग ने बताया कि इस फेस्ट में स्पीक द लीड, ल्यूमिन्स टॉक, मार्केटिंग फएिस्ट और पाइट टैंक का आयोजन किया गया। स्पीक टू लीड में पाइट की सिद्धी प्रथम, हिंदू कॉलेज की आस्था कपूर द्वितीय एवं पाइट के एकलव्य तीसरे स्थान पर रहे। मेमोरेबल हेड्स में गेटवे कॉलेज की काजल प्रथम, पाइट की लवण्या द्वितीय व पाइट की भूमि तीसरे स्थान पर रहीं। ल्यूमिन्स टॉक में पाइट की सिद्धि दुबे प्रथम, आदित्य द्वितीय व पारखी तीसरे स्थान पर रहीं। मार्केटिंग फिएस्टा में तन्वी प्रथम, हिमांशी द्वितीय व मुस्कान जीते। पाइट टैंक प्रतिस्पर्धा में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से अर्पित व रजत की टीम जीती। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि इस तरह के फेस्ट से छात्र-छात्राओं को बाजार के बारे में पता चलता है। संघर्षों की कहानियों से रूबरू होते हैं। आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.बीबी शर्मा, बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ.प्रीति दहिया, डॉ.मीना चौहान, डॉ.पारस बत्रा भी मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय** सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन विविध गतिविधियों से भरपूर रहा। दिन की शुरूआत प्रभात फेरी से हुई, जिसके बाद स्वयंसेवकों को शैक्षिक भ्रमण के तहत ऐतिहासिक माधोगढ़ किले का दौरा कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जागरूक करना था। दोपहर के भोजन पर महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण, प्रो. बलजीत यादव एवं डॉ. मुकेश यादव ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान डॉ. लक्ष्मी नारायण ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के महत्व पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान की आवश्यकता और इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनिल शर्मा एवं डॉ. सरजीत ने स्वयंसेवकों को एचआईवी-एड्स एवं टीबी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने इन बीमारियों के लक्षण, बचाव के उपाय एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी रोग की सूचना देने वाले व्यक्ति को 500 रुपये का इनाम मिलता है, जबकि टीबी मरीज को सरकार द्वारा 3000 प्रति माह पोषण हेतु सहायता दी जाती है।

# हकेवि में ट्रांसजेंडर अधिकारों पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ट्रांसजेंडर अधिकारों पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों, सामाजिक चुनौतियों और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए समाजशास्त्र व मनोविज्ञान विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अक्सर इस महत्त्वपूर्ण विषय को अनदेखा कर दिया जाता है। अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों में सभी लिंगों के प्रति समावेशी वातावरण के विकास का भाव विकसित होगा। कुलपति ने अपने संबोधन में मनोविज्ञान विभाग द्वारा चलाए जा रहे वेलनेस क्लिनिक का भी उल्लेख करते हुए इसके माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व कर्मचारियों को मिल रही सेवाओं की सराहना की।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने गेट परीक्षा में किया उल्लेखनीय प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने आईआईटी, रुड़की द्वारा आयोजित ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2025 परीक्षा में सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने परीक्षा में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों की भूमिका



अहम होती है। कुलपति ने विद्यार्थियों की इस सफलता को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को बढ़ाने और भविष्य के अभ्यर्थियों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल कंवर चंदेल के बताया कि आईआईटी, रुड़की द्वारा आयोजित गेट 2025 परीक्षा में मनोविज्ञान विभाग के स्नातक, परास्नातक एवं पूर्व विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इनमें विभाग के 38 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें 27 विद्यार्थी वर्तमान में मनोविज्ञान विभाग में अध्ययनरत हैं तथा 11 विद्यार्थी विभाग के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के

# अकादमी आफ नरवाल की 175 रनों की विशाल जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निशान पब्लिक** स्कूल के क्रिकेट अकादमी ऑफ नरवाल में स्वर्गीय श्री धूम सिंह मेमोरियल महिला क्रिकेट टूनामेंट का लीग मैच क्रिकेट अकादमी ऑफ नरवाल और महाजन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जहां नरवाल अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 281 रन का विशाल लक्ष्य रखा। कैप्टन सुमन संधू ने शानदार 116 रन बनाए, जबकि रिया भाटी ने 83 रन बनाए। जवाब में महाजन क्रिकेट अकादमी की टीम ने 35 ओवर में 106 पर सिमट गई।

# घायलों के उपचार सारा खर्च वहन करेंगे सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के पूर्व** राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा है कि सैनी समाज धर्मशाला में शनिवार को सुबह महायज्ञ में शिरकत करने के लिए पहुंचे कुछ लोगों और सुरक्षा कर्मियों के बीच घटित घटना के बाद 2 विद्वानजन घायल हो गए। इन घायलों का उपचार किया जा रहा है और दोनों घायलों का स्वास्थ्य ठीक है। इन दोनों घायल विद्वानजनों के उपचार का सारा खर्च वे स्वयं वहन करेंगे और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा घायल विद्वानजनों का कुश्लक्षेम पूछने के लिए अस्पताल पहुंचे। यहां पर



उन्होंने गोली लगने से घायल विद्वानजन आशीष तिवारी और चोटिल विद्वानजन प्रिंस शुक्ला से बातचीत की और कहा कि उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और सारा खर्च वे वहन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि इस घटना की जांच पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है और घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ उपचार करने वाले चिकित्सकों से बातचीत की और कहा कि घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं आनी चाहिए और इस विषय को गंभीरता से लेकर दोनों घायलों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अस्पताल के बाद सैनी समाज धर्मशाला में श्रद्धालुओं के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को भी चैक किया। इस दौरान उन्होंने सब्जियों, दाल व अन्य खादय पदार्थों की गुणवत्ता को खाकर चैक किया। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता सही है और खाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने भोजन बनाने वाले संचालकों को निरंतर भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कहा है।

# सप्तमी मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत के गाँव सिवाह में** प्रदेश स्तरीय सप्तमी मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` समारोह के मुख्य अतिथि आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य रहे प्रसिद्ध कोच सुभाष मोरखी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और जयदीप नम्बरदार ने सभी का आभार व्यक्त कियो इस प्रतियोगिता में 51 हजार का एक, 21 हजार के तीन, 51 सौ के पांच, 21 सौ के दस और 11सौ के दस नकद पुरस्कार भी मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को दिऐ कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुनीता कादियान ने की` पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खिलाडियों की ही नहीं भारतीय खेलों की भी जननी है हरियाणा के हर गाँव में किसी न किसी खेल की उच्च कोटि की टीम हर हाल में मिलती है उन्होंने कहा कि गाँव सिवाह में प्रति वर्ष सिवाह सप्तमी मेला एवं कुश्ती प्रतियोगिता का प्रदेश स्तरीय आयोजन किया जाता है` उन्होंने कहा कि खेलों से जहाँ तन मन स्वस्थ रहता है वहीं खिलाडियों में नेतृत्व की भावना भी जागृत होती है।

# 'अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों के सामने भी चुनौतियां'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : गुरुकुल कुरुक्षेत्र** सहित गुरुकुल ज्योतिसर, गुरुकुल नीलोखेड़ी एवं आर्यकुलम्- नीलोखेड़ी हेतु चल रही प्रवेश परीक्षाओं में भारी संख्या में अभिभावक और छात्र पहुंच रहे हैं। गुरुकुल शिक्षा उत्सव के तीसरे दिन 7वीं कक्षा हेतु परीक्षा ली गई जिसमें दो हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र में उन्होंने लगभग 40 वर्षों तक प्राचार्य पद पर कार्य किया। अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों के सामने भी




आज अनेक चुनौतियां हैं। बच्चों में संस्कारों का अभाव, दूषित होते वातावरण और खानपान के दुष्प्रभाव स्पष्ट नजर आते हैं, यही कारण है कि प्रत्येक अभिभावक गुरुकुलों में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाना चाहता है। गुरुकुलों के साफ-स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक आहार और नियमित दिनचर्या से बच्चे जहाँ शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं वहीं कुशल अध्यापकों के मार्गदर्शन से वे पढ़ाई में भी टॉप करते हैं। इस अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, गुरुकुल नीलोखेड़ी से जगदीश आर्य, गुरुकुल ज्योतिसर से शिवकुमार आर्य सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे। आचार्यश्री ने कहा कि अभिभावकों की आशा के अनुरूप उन्होंने गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तर्ज पर गुरुकुल नीलोखेड़ी, आर्यकुलम् और गुरुकुल ज्योतिसर आरम्भ किये, ये सभी संस्थान वर्तमान में हरियाणा में न. 1 और नं 2 स्थान पर है। गुरुकुल ज्योतिसर ने मात्र चार वर्षों में यह उपलब्धि हासिल की है, इसके पीछे एक सकारात्मक दृष्टिकोण, अध्यापकों की कड़ी मेहनत और छात्रों का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज देश में हजारों की संख्या में बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान है मगर हमारे गुरुकुलों में बच्चों को नैतिक मूल्यों और पुरातन संस्कारों की जो शिक्षा दी जाती है वह अन्यत्र कहीं नहीं मिलेगी। हमारे गुरुकुलों में छात्रों को प्राकृतिक अन्न, फल-सब्जियों के साथ-साथ पौष्टिकता से भरपूर शुद्ध दूध दिया जाता है। एक नियमित दिनचर्या के तहत एक-एक छात्र पढ़ाई के साथ-साथ ग्राउंड पर पसीना बहाता है, सुबह-शाम हवन, संध्या होती है जिससे बच्चे की सोच, उसका दृष्टिकोण, उसकी ऊर्जा सही दिशा में काम करती है। गुरुकुलों में मोबाइल, टी.वी. पर पूर्णतः प्रतिबंध है जिससे बच्चे एक-एक क्षण का उपयोग अपनी पढ़ाई हेतु करते हैं।

डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने गुरुकुल की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बताया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र की तरह ही दूसरे गुरुकुलों में भी एनडीए, आईआईटी, नीट हेतु विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है।

# कैंप में लोक अदालत एवं लोक उपयोगी सेवाओं की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के निर्देशानुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एसडीजेएम गौरव खटाना के मार्गदर्शन में गांव बुचौली में न्याय रक्षक ज्योति अग्रवाल और प्रद्युम्न सिंह ने कैंप लगाकर स्थायी लोक अदालत एवं लोक उपयोगी सेवाओं कि जानकारी दी। कैंप में एडवोकेट ज्योति अग्रवाल ने बताया कि भारत में 292 स्थायी लोक अदालत कि स्थापना हो चुकी है। लोक उपयोगी सेवाओं से



संबन्धित विवाद का समाधान स्थायी लोक अदालत में किया जाता है, इसमें छह प्रकार कि सेवा शामिल की गई हैं। स्वच्छता प्रणाली, डाक सेवा, अस्पताल सेवा, बीमा सेवा बिजली-पानी सप्लाई सेवाएं लोक उपयोगी सेवाओं में आती है। स्थाई लोक अदालत में दिए गए निर्णय कि अपील नहीं कि जा सकती। स्थाई लोक अदालत से संबधिंत प्रावधान लीगल सर्विस अर्थॉरिटी एक्ट 1987 में दिए गए है।

# जहांगीरपुरी में श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** जहांगीरपुरी इलाके में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पहले कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा जहांगीरपुरी जे ब्लॉक गुरूदारे के सामने वाले पार्क से आरंभ हुई और क्षेत्र के कई गलियों से होते हुए वापस कथा स्थल पर आकर सम्पन्न हुई। आपको बातदें कि इस कथा का आयोजन जहांगीरपुरी आई-जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर के साथ अनिल कुमार, नवीन कुमार, दिनेश मिश्रा के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कथा व्यास प्रमोद कृष्ण भारद्वाज शास्त्री ने कथा के दौरान उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो भक्त सत्य की राह पर चलता है, उसका कल्याण अवश्य ही होता है। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने कहा कि सभी को कथा का श्रवण ध्यानपूर्वक करना चाहिए और जहां पर भी कथा आयोजित हो रही है, वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाना चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'केजरीवाल द्वारा हार का ठीकरा गोपाल राय पर फोड़ना शर्मनाक'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली की जनता 5 फरवरी 2025 को अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन एवं सौरभ भारद्वाज को हरा कर आम आदमी पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार के मुंह पर करारा तमाचा मारने के बाद से इंतजार कर रही थी की शीघ्र अरविंद केजरीवाल सामने आकर अपनी सरकार के भ्रष्टाचार की नैतिक ज़िम्मेदारी लेकर "आप" संयोजक पद से इस्तीफा देंगे। इसके ठीक विपरीत आज अरविंद केजरीवाल द्वारा की गई संगठनात्मक घोषणाओं ने प्रमाणित कर दिया है की अरविंद



केजरीवाल में कोई नैतिक मूल्य नहीं बचे हैं। दिल्ली की जनता ने 2013, 2015 एवं 2020 में अरविंद केजरीवाल के चेहरे पर वोट देकर "आप" सरकार बनवाई थीं और जनता से मीडिया तक सबने अरविंद केजरीवाल को जीत का नायक बताया था पर अब जब दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार का प्रतिक मानते हुए अरविंद केजरीवाल को हराया है।

# मुकुंदपुर वासियों को जल्द मिलेगी एक नई सौगात: गुलाब सिंह राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सालों से टूटी फूटी** सड़कों व सरकारी डिस्पेंसरी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड के लोगों को जल्द ही एक नई सौगात मिलने वाली है, जिसके लिए प्रोजेक्ट को ग्रीन सिग्नल मिल चुका है।
मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि क्षेत्र स्थित सूरत विहार से जनता विहार की तरफ जाने वाला 60 फूटा रोड़ बनने का कार्य शुरू करवा दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय लोगों व बाहर से आने जाने वाले लोगों को काफी आराम मिले सकेगा। इस दौरान





विभाग द्वारा चल रहे कार्य का जायजा लेने पहुंचे पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि पहले यहां के लोगों को टूटी-फूटी सडकों के चलते दिक्कतें तो होती ही थी इसके साथ ही बाहरी लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पडता था। लेकिन अब जल्द ही सडक बनने का कार्य भी पूरा करके लोगों को सौंप दिया जाएगा। गुलाब सिंह राठौर ने कहा आने वाले समय में जल्द से जल्द और भी प्रोजेक्ट लाकर जनता को सहुलियत देने का काम करूंगा।
इसके साथ ही राठौर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर भरत सिंह राजपूत और उनकी टीम के साथ मुकुंदपुर वार्ड में डिस्पेंसरी बनाने के लिए साइड का सर्वे भी पूरा किया गया है और जल्द से जल्द डिस्पेंसरी बनाने का भी काम शुरू कर लिया जाएगा। राठौर ने कहा कि भले ही दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार आई हो, लेकिन दिल्ली के विकास को सालों नही लगेंगे, दिल्ली में विकास की ब्यार तेजी से बहेगी।

# नरेला विधानसभा: स्वतंत्र नगर में किया गया सिलाई सेंटर का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली के नरेला में** स्वतंत्र नगर स्थित गली न.5ए में सामाजिक संस्था हमारी मेहनत फाउंडेशन ने शनिवार को महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए नए सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया। सेंटर का उद्घाटन ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला सेंटर की इंचार्ज बीके गीता बहन ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीके गीता बहन, बीके मोनिका बहन का संस्था पदाधिकारियो द्वारा पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बीके








गीता बहन ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं निर्भर नहीं है। वह हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र है और पुरूषों के बराबर काम करने में सक्षम भी है। महिला शक्तिकरण के लिए आने वाले दिनों में संस्था का यह सिलाई सेंटर महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान संस्था अध्यक्षा सुषमा गौतम ने बताया कि हमारी मेहनत फाउंडेशन संस्था जगह-जगह सिलाई सेंटर खोलकर बेटियों महिलाओं को आत्मनिर्भर करने का कार्य कर रही है। जिसमें कई महिलाओं, बेटियों ने प्रशिक्षण लेकर आज आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। संस्था द्वारा भविष्य में और सिलाई सेंटर व ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने की योजना है। इस अवसर पर हमारी मेहनत फाउंडेशन की अध्यक्षा सुषमा गौतम, उपाध्यक्षा कमला शर्मा, महासचिव आर.के गर्ग, पूजा गौतम, सुजाता भारद्वाज, सीनियर सिटीजन की अध्यक्षा कमलेश तुसीर, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, उपाध्यक्षा कविता अग्रवाल, सेंटर इंचार्ज निशा सिंघल, संजय खत्री, मनोज पालीवाल, रामकुमार, रूपाली गौतम सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा ने किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के शक्ति** नगर इलाके के गोल्डन स्पून बैंक्वेट(रीगल पैलेस) में मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा (पंजी.) के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आये हुए गणमान्य लोगों का सभा के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया और चंदन का टीका लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष दिल्ली विजेन्द्र गुप्ता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार विजय गोयल, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया, मॉडल टाउन वार्ड के पार्षद विकेश सेठी, संगम पार्क के निगम पार्षद सुशील जोंटी ने कार्यक्रम में शिरकत की। आपको बतादें कि इस वर्ष होली मंगल मिलन समारोह के साथ महामूर्ख सम्मेलन एवम विशाल हास्य कवि सम्मेलन का भी भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 500 सदस्य बन्धुओं ने सपरिवार समारोह का आनन्द लिया। इसमें सुप्रसिद्ध हास्य कवि सर्वश्री अनिल अग्रवंशी और रजनी अवनी, कवि दीपक सैनी सहित कई कवियों ने भाग लिया। इस दौरान दीप प्रज्ज्वलन एवं महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित किया गया और अतिथि सम्मान के उपरांत भव्य रूप में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष दिल्ली विजेन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की और सभी को होली के पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता ने की। इस मौके पर सभा के प्रधान प्रेमचन्द गुप्ता, महामंत्री अरविन्द जैन, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल के अलावा मुख्य संरक्षक बृजमोहन गोटेवाले, मुख्य संरक्षक प्रवीण कांत सीए, मुख्य परामर्शदाता पवन अग्रवाल एडवोकेट, मुख्य परामर्शदाता आदेश जैन, मंजू अग्रवाल, मगन गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचन्द गुप्ता ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, मैं सभी को होली की शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।










# मथुरा के असली कारागार में श्रीकृष्ण की आर्टिफिशियल जेल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कान्हा की नगर में के असली कारागार में भगवान श्रीकृष्ण की आर्टिफिशियल जेल बनाई गई है। 3डी पिक्चर लगाकर इसे और आकर्षक बनाया जा रहा है। यह प्रयास कैदियों को मानसिक मजबूती देने के साथ ही उनके अंधर आध्यात्मिक भाव जगाने के लिए किया गया है। मथुरा जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को आपराधिक प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वह अपनी सजा काटने के बाद जेल से बाहर निकलकर मुख्यधारा से जुड़ कर एक बेहतर जीवन जी सकें और अपराध से दूर रहें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा पुलिस



उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया, जिसमें दोनों उच्च अधिकारियों ने ह्वन जेल वन प्रोडक्टस्ह के अंतर्गत संचालित पोशाक सिलाई केंद्र का जायजा लिया। केंद्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों से जानकारी ली कि कौन से प्रोडक्ट बनाए जाते हैं, कार्य कर रहे व्यक्ति ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि भगवान जी की पोशाक, मुकुट, माला आदि का कार्य किया जाता है। उन्होंने एक विशेष जानकारी दी कि श्री कृष्ण जी की एक

**आध्यात्मिक**

**यह प्रयास कैदियों को मानसिक मजबूती देने के साथ ही उनके अंधर आध्यात्मिक भाव जगाने के लिए किया**

आर्टिफिशियल जेल बनाई गई है, जिसमें 3 डी पिक्चर लगाकर उसे आकर्षक बनाया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जेल के अंदर तैयार किये जा रहे प्रोडक्ट के लिए अच्छी व्यवस्था की जाए और उसे बेहतर साज सज्जा कर सुंदर बनाने पर जोर दिया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने चौधरी भरत सिंह स्वतंत्र संग्राम सेनानी कारागार चिकित्सालय में जाकर बंदी मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने पाकशाला में जाकर बंदियों के लिए बन रहे भोजन में दाल, रोटी, सब्जी आदि को जाकर देखा। उन्होंने कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण किया, कारागार में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से क्राइम और केस के बारे में जानकारी ली, जेल में सुविधा, असुविधा के बारे में पूछा, किस जिले से हैं आदि संबंधी पूछताछ की। जेल अधीक्षक से जानकारी ली कि

# जिला पंचायत सभागार में पंचायत का 39. 84 करोड़ का बजट स्वीकृत

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जिला पंचायत के सभागार में शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जिला पंचायत के सदस्यों ने बैठक में न आने वाले अधिकारियों के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया। वहीं वर्ष 2025-26 के लिए 39 करोड़ 84 लाख 44 हजार 312 रुपये के बजट को सर्व सम्मिति से सदस्यों ने स्वीकृति दी। वहीं वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट को भी अपनी मंजूरी दी गई। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा पूर्व बैठकों में उठाई गई जनहित की समस्याओं के समाधान नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सदस्यों ने ड्रेन व माइनरों की सफाई, उचित नहीं होने का आरोप सिंचाई विभाग पर लगाया। साथ ही बुखरारी



व शेरगढ नहरों को आदर्श सिंचाई योजना में शामिल करने की मांग रखी। वहीं प्रधानमंत्री सड़क योजना में आरईएस द्वारा कोसी शाहपुर सड़क के निर्माण का मुद्दा उठाया। बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के शमशान स्थल पर दो दो बैंच लगाने की मांग पंचायत सदस्यों ने की। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत 3174474 लाख मानव दिवस के लिए 12539. 17 लाख रुपये का लेबर बजट भी स्वीकृत किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। ग्राम पंचायत तरौली सुमाली चौमुहां के वार्ड 11 के सदस्य चरन सिंह, ग्राम पंचायत सैनवा के वार्ड 11 के सदस्य तरुण कुमार, ग्राम पंचायत उंदी छाता के वार्ड 4 के सदस्य आदेश का स्वेच्छा से दिया त्यागपत्र अनुमोदन के बाद जिला पंचायत की बैठक में सर्व सम्मिति से स्वीकृत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी आबकारी अधिकारी बनकर युवक ने की कई शादियां, मुकदमा दर्ज

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कोतवाली में एक युवक पर खुद को आबकारी अधिकारी बताकर तीन महिलाओं को झांसे में लेकर शादी करने का मामला प्रकाश में आया है। तीनों महिलाओं ने शुक्रवार रात झांसेबाज युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने शनिवार को बताया कि खलिलाबाद के कबीर नगर निवासी किरन जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में सहायक शिक्षिका के पद पर तैनात है। उसने राबर्ट्सगंज कोतवाली में तहरीर देकर बताया की वर्ष 2019 में लखनऊ के एक परिचित ने सोनभद्र जिले के सहीजन कला निवासी राजन गहलोत से उसका परिचय कराया। राजन गहलोत ने अपने आपको आबकारी विभाग लखनऊ में तैनात अधिकारी बताया और कहा की मेरी पत्नी का देहांत हो गया है और कोई बच्चा भी नहीं है। उससे परिवार के साथ नजदीकियां बढ़ने पर दोनों ने वाराणसी के एक मंदिर में शादी कर ली। दो वर्षो तक राजन हमारे साथ रहा। मकान बनवाने के नाम पर 42 लाख का लोन लेकर हड़प लिया। मेरा 10 वर्ष का बेटा है। कुछ दिनों बाद उसने बताया कि उसका तबादला ललितपुर में हो गया है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि जब वह ललितपुर पहुंची तो पता चला की राजन नाम का कोई भी व्यक्ति आबकारी विभाग में तैनात ही नहीं है। कुछ और जानकारी करने पर मालूम हुआ कि राजन गहलोत ने वर्ष 2014 में कम्पोजिट विद्यालय सोनभद्र में तैनात अम्बेडकर नगर की रहने वाली शिक्षिका से भी शादी कर चुका है। उससे एक बच्चा भी है। आपसी विवाद के चलते शिक्षिका पत्नी की और वर्ष 2016 में राजन के खिलाफ महिला थाना अम्बेडकर नगर में मुकदमा भी दर्ज है, जो विचाराधीन है। वर्तमान में राजन गहलोत तीसरी महिला के साथ रह रहा है। इस पूरे मामले की जानकारी पर तीन महिलाएं कोतवाली पहुंची और आरोप लगाया है कि राजन गहलोत ने और भी कई महिलाओं को झांसे में रखकर विवाह किया है। वह उनसे फ्राड करने के फिराक में है। एसपी ने बताया की राबर्ट्सगंज कोतवाली में तहरीर के आधार पर राजन गहलोत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई में जुट गई है।

### युवती की आत्महत्या के बाद परिजनों ने शव को नहर में फेंका, पांच गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** शिवली कोतवाली क्षेत्र के फतेपुर गांव में रहने वाले एक परिवार ने अपनी ही बेटी के शव को बोरे में भर कर नहर में फेंक दिया। युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद राजीव सिरोही ने बताया कि आरोपितों में युवती के पिता मनोज, मां सोमवती, बड़ी बहन शिवानी, ताऊ कन्हैया लाल और कार चालक कानपुर के बिठूर निवासी प्रशांत उर्फ छोटू शामिल हैं। इन लोगों से पूछताछ में पता चला है कि उनकी बेटी प्रियांशी का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन वो लोग इसके खिलाफ थे। परिवार का दबाव बढ़ने पर युवती ने आत्महत्या कर ली। समाज में इज्जत खराब न हो, इसलिए परिवार ने युवती के शव को बोरे में भरकर रामगंगा नहर में फेंक दिया। नहर में फेंका गया शव सचेंडी थाना क्षेत्र के गांव धर्ममंगदपुर में 16 मार्च को मिला। इस पर खुद को बचाने के लिए परिजनों ने अगले दिन 17 मार्च को शिवली थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने शव की पहचान के बाद जब जांच कर कई जानकारियां जुटाई तो पूरे प्रकरण से पर्दा उठा। परिवारीजनों ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि बेटी के आत्महत्या कर लेने के बाद शव को उन तीनों ने ठिकाने लगाया था।

### ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से एक की मौत, चार घायल

**बरेली।** थाना मीरगंज क्षेत्र में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नेशनल हाईवे के किनारे स्थित ईंट भट्ठे की कच्ची दीवार गिरने से पांच मजदूर मलबे में दब गए। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहसील मीरगंज के परौरा गांव के पास दुर्गा ब्रिक फील्ड नामक ईंट भट्ठे पर मजदूर शनिवार सुबह ईंटों की भराई कर रहे थे। इसी दौरानएक गज चौड़ी कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। इसमें पांच मजदूर दब गए। घटना के बाद वहां चीख–पुकार मच गई। सूचना मंगवाई गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद चार मजदूरों को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। इस हादसे में छोटे लाल निवासी धनैट की मौत हो गई। उसका शव करीब तीन घंटे बाद बाहर निकाला गया। वहीं, निवासी धनैटा, सरार पुत्र इकरार, निवासी नल नगरिया और नन्हें बाबू पुत्र मो. हुसैन, निवासी बलूपुरा आदि हैं।

## मथुरा के फरह टोल प्लाजा पर फायरिंग

**मथुरा ।** थाना फरह क्षेत्र में शनिवार की सुबह महुअन टोल प्लाजा पर सुबह कार सवारों की टोल कर्मियों से बहस हो गई। इसके बाद कार सवार फास्ट टैग से पेमेंट कर फायरिंग करते हुए कार को दौड़ा ले गए। फायरिंग से टोल पर काम करने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस कार सवारों की जानकारी जुटा रही है। बताया जा रहा है कि सुबह करीब साढ़े छह बजे मथुरा की तरफ से कार सवार तीन युवक टोल प्लाजा पर पहुंचे। टोल दिए बगैर कार सवारों ने वहां से निकालने का प्रयास किया। इस पर टोल कर्मचारियों और कार सवारों में झगड़ा होने लगा।

# भाजपा में कार्यकर्ताओं का जोश हाई है, पदाधिकारियों ने किया साष्टांग प्रणाम

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नए जिला और महानगर अध्यक्ष की घोषणा के बाद यह भाजपा का पहला कार्यक्रम था। कार्यक्रम में जहां जनपद में भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने एक मंच साझा कर एक जुटता का संदेश दिया वहीं कार्यकर्ताओं में जोश भरने का हर संभव प्रयास किया गया। गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत सम्मान समारोह रखा गया था। पार्टी में कार्यकर्ताओं की अहमियत बताने के लिए नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ताओं का लेटकर साष्टांग प्रणाम किया तो हॉल तालियों से गूंज उठा और कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो





गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, पूर्व मंत्री रविकान्त कांत गर्ग, महानगर अध्यक्ष राजू यादव, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करती सांसद हेमा मालिनी ने कहा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। इसलिए वे सदैव सम्मान के पात्र होते है। कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी को अपने परिश्रम के बल पर सींच कर इतना बड़ा रूप दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम का ही परिणाम है कि आज भाजपा का स्वरूप इतना बड़ा हुआ है। वहीं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण चौधरी ने कार्यकर्ताओं से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य पर पूरी निष्ठा के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। वहीं नवयुक्त महानगर अध्यक्ष राजू यादव ने कहा मंच से मैं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे कार्यकताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर विधायक राजेश चौधरी, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, श्याम सिंह अहेरिया, बाल संरक्षक आयोग अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय ओबीसी आयोग सदस्य भुवन भूषण कमल, पूर्व महापौर मुकेश आर्यबंधु, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, घनश्याम लोधी, मंत्री

# गंदे नाले के पानी में डूब गई किसानों की पकी फसल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** कस्बा राया के समीपवर्ती गांवों में नगर पंचायत का पानी किसानों के लिए परेशानी पैदा कर रहा है जिस गन्दे नाले के पानी से किसानों की पकी पकाई फसलें प्रभावित हो रही हैं। यह सिलसिला बीत कई वर्षो से चल रहा है। राया से सादाबाद रोड़ कस्बा के समीपवर्ती गांव नगला थाना,पडराी,सारस गांव के किसानों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। किसान इस पानी की रोकथाम के लिए विधायक से लेकर प्रशासन का दरवाजा खट- खटा चुके हैं। किंतु परिणाम शून्य रहे। रात दिन गन्दे



नाले का पानी खेतों में चल रहा है। गेंहू की फसल कटाई का समय है। लेकिन पानी भरा होने की वजह से फसल पूरी तरह बर्बाद हो रही है। गांव के ही सुरेश चन्द,त्रिलोक नाथ तेजपाल शर्मा जगमोहन शर्मा कमियां शर्मा सोमवती देवी सहित करीब आधा दर्जन किसानों की फसल बर्बाद हो रही है दर्जनों किसानों का कहना है की इस समस्या के निराकरण के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के पास गये।

## कांच के विमान में होकर सवार होली खेलने निकले गोदा रंगमन्नार भगवान

**वृंदावन (मथुरा) ।** वृन्दावन के विशालतम दक्षिण भारत संस्कृति में बने श्रीरंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव के छठवें दिन भगवान गोदा रंगमन्नर कांच के विमान पर विराजित होकर भक्तों के साथ होली खेलने निकले। धवल श्वेत वस्त्र धारण किए ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान को वेदमंत्रों के साथ अर्चन कर प्राकृतिक अबीर गुलाल निवेदित किए गए। उसके बाद मंदिर के जगमोहन में चांदी की पिचकारी से भक्तों पर टेसू के फूलों से बने रंगों की बौछार की गई। मंदिर परिसर रंगनाथ भगवान की जय तदोपरांत ठाकुर जी कांच के विमान में सवार होकर मंदिर के सिंह द्वार पर पहुंचे, जहां भक्तों में गजब का उल्लास छाया रहा।

# वृंदावन में भारतीय, नेपाली साहित्यकारों का समागम



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** नेपाल विश्व विद्यालय के कुलपति डा. घनश्याम न्यौपाने ने कहा कि नेपाल में हिन्दी बोली जाती है, वैसे ही भारत के लोग नेपाली भाषा सीखें। दोनों देशों के बीच साहित्य व संगीत का आदान प्रदान और बढ़ना चाहिए। नेपाल व भारत दोनों भाई हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत अमिट है। इसे मिटाया नहीं जा सकता। वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान व रासलीला अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय भारत नेपाल साहित्य सांस्कृतिक महोत्सव में डॉ. न्यौपाने संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के ऐतिहासिक संबंधों की मजबूती के लिए इस तरह के आयोजनों की बेहद जरूरी हैं। आयोजक डॉ. विजय पंडित और डा. हर्ष शर्मा ने कहा कि भारत नेपाल साहित्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ दोनों देशों के मध्य ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूती प्रदान करना है। विशिष्ट अतिथि नेपाल की लघुकथाकार श्रीमती ममता मृदुल रहीं। इस दौरान लघुकथा सत्र में 25 लघुकथाकार व साहित्यकारों की एक दर्जन पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि यह सौभाग्य है कि वृंदावन में भारत नेपाल साहित्य संस्कृत महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन से भारत और नेपाल के मध्य जो सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत के संबंध हैं उसको विस्तार मिलेगा। कुलपति डा घनश्याम न्यौपाने परिक्रमी, नेपाल के साहित्यकार डा देवी पंथी, पूर्व प्राचार्य डा. के के शर्मा, राधारमण मंदिर के सेवायत पद्मनाभ गोस्वामी, ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद्र शर्मा, गीता विशेषज्ञ महेश चंद्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सरस्वती वंदना शीतल राघव देवयानी द्वारा प्रस्तुत की गई। संचालन डा. हरेन्द्र हर्ष और गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया।

# आपके लिए होली होली, ब्रज में अभी भी रोज जम रहा रंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** दुनियां भर में होली का त्योहार मनाया जाता है। यह कहीं दो तो कहीं तीन दिन का पर्व है लेकिन ब्रज में तो बसंत पंचमी से जो रंग चढ़ा है वह अभी उतरने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां तो होली का रंग अभी प्रतिदिन जम रहा है। कान्हा की नगरी में होली की खुमारी अब भी श्रद्धालुओं के सर चढ़ कर बोल रही है। दक्षिण शैली के रंगनाथ मंदिर के दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव में कांच के विमान पर सवार होकर जब ठाकुर गोदा रंगन्नार भगवान ने भक्तों के साथ होली खेलने निकले, तो वातावरण में अबीर गुलाल की बदरी छा गई। होली की मस्ती में सराबोर होकर भक्तों ने भी अपने



आराध्य के साथ जमकर होली खेली। ब्रज के विशालतम ठाकुर रंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव के छठवें दिन भगवान गोदा रंगमन्नर कांच के विमान पर विराजित होकर भक्तों के साथ होली खेलने निकले। धवल श्वेत वस्त्र धारण किए ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान को वेदमंत्रों के साथ अर्चन कर प्राकृतिक अबीर गुलाल निवेदित किए गए। उसके बाद मंदिर के जगमोहन में चांदी की पिचकारी से भक्तों पर टेसू के फूलों से बने रंगों की बौछार की गई, तो मंदिर परिसर रंगनाथ भगवान की जय जयकार से अनुगुंजित हो गया। तदोपरांत ठाकुर जी कांच के विमान में सवार होकर मंदिर के सिंह द्वार पर पहुंचे, तो भक्तों में गजब का उल्लास छा गया। जहां विमान से पुजारियों ने पिचकारी से रंग बरसाया। वहीं अबीर गुलाल की बदरी के बीच गोविंदघेरा के क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने भक्तों पर प्रेम पगी लाठियां बरसानी शुरू कर दी। ब्रज के पारंपरिक वस्त्रों में सजी महिलाओं की लाठियों से निकले प्रेम रस में भक्त सराबोर हो गए। भगवान भास्कर की तपिश में कमी से मौसम का सर्द अहसास भी रस रंग में डूबे भक्तों के उल्लास को कम नहीं कर सका था। जैसे जैसे सवारी बढ़े बगीचे की तरफ बढ़ रही थी।

# मथुराः 67 प्रतिशत लूट, 29 प्रति रेप की घटनाएं हुईं कम

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के कार्यकारी सभापति, अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के तमाम विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। पुलिस विभाग की समीक्षा में सभापति ने पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय को निर्देश दिए कि साइबर क्राइम एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड पर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक जागरूकता शिविर लगाते हुए लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करें। उन्होंने इन फ्रॉड में



अधिकाधिक रिकवरी कराने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने सदन को अवगत कराया कि जनपद में रेप में लगभग 29 प्रतिशत, अपहरण में लगभग 15 प्रतिशत तथा लूट के मामलों में लगभग 67 प्रतिशत कमी आई है। उन्होंने अवगत कराया कि पिछले वर्ष लगभग 95 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई तथा इस वर्ष लगभग 1 अरब की संपत्ति कुर्क की गई है। इस दौरान समिति के सदस्य किरण पाल कश्यप, योगेश चौधरी, विच्छे लाल राम, सदस्य विधान परिषद ओम प्रकाश सिंह

**निस्तारण**

**रजिस्टरों का अवलोकन किया। थाना दिवस में पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली**

तथा महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ का जिलाधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित आदि मौजूद रहे। थाना सदर बाजार में डीएम, एसएसपी ने की जनसुनवाई

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सदर में फरियादियों की शिकायतें सुनी। शिकायत लेकर आए एक व्यक्ति ने शिकायत की कि कुछ लोग रास्ते में कार खड़ी कर देते हैं, जिससे निकलने में परेशानी होती है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सदर थाना प्रभारी विदिश कुमार को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने थाने के विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। थाना दिवस में पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली ।

# ब्रज के वृक्षों की लता पताओ से भी निकलते राधा कृष्ण के नाम के स्वरः शंकराश्रम स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** दक्षिण भारत के कर्नाटक से उत्तर भारत के धार्मिक भ्रमण पर लगभग दो सौ श्रद्धालु भक्तों के साथ निकले शिराली चित्रापुर के ग्यारहवें मठधिपति सद्योजात शंकराश्रम स्वामी महाराज ने तीन दिन ब्रज के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बिताए। उन्होंने कहा कि बृज में प्रिया प्रीतम राधा कृष्ण का उदघोष लता पटाओ से आज भी सुनाई देता है जिससे श्रद्धालुओं में भक्ति का भाव जागृत होता है। जो मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। कर्नाटक के शिराली स्थित चित्रापुर मठ के ग्यारहवें मठधिपति सद्योजात शंकराश्रम स्वामी महाराज तीन दिवसीय धार्मिक भ्रमण पर वृंदावन आए । जिनके साथ कर्नाटक के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग दो सौ श्रद्धालु भक्त साथ आए। इनके द्वारा वृंदावन में अटाला चुंगी स्थित एक आश्रम में यात्रा का पड़ाव रखा गया जहां उनके द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ महादेव बाबा की आराधना की गई। अगले दिन वृंदावन के बांकेबिहारी लाल के दर्शन किए। मथुरा में श्री कृष्ण जन्म स्थान के दर्शन किए। गोकुल में यमुना मईया की आरती की गई। यात्रा के दौरान उनके द्वारा अलीगढ के विवेकानंद महाविद्यालय में धार्मिक प्रवचन भी किए गए।यात्रा के अगले पडाव में महाराज जी के साथ भक्तों ने गिर्राज महाराज की परिक्रमा की । और सभी यात्रियों ने धार्मिक यात्रा के दौरान बरसाने में राधारानी के दर्शन किए। इस अवसर पर महाराज सद्योजात शंकराश्रम स्वामी ने कहा कि बृज में प्रिया प्रीतम के नाम का उदघोष वृक्षों की लता पटाओ से भी सुनाई देता है। बृज का कण कण भगवान कृष्ण और राधारानी जी की लीलाओं का गवाह है। बड़े पुण्यों का उदय होने से ही ब्रज में जन्म मिलता है।

**फास्ट न्यूज**

## श्रद्धापूर्वक मनाई शीतलाष्टमी, मंदिर में दर्शनों को उमड़ी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** जन-जन की आस्था का प्रतीक लोकपर्व शीतलाष्टमी शनिवार को पारम्परिक हर्षोल्लास से मनाया गया। आज सुबह से कागा स्थित शीतला माता मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर घर-घर में शीतला माता की पूजा-अर्चना हुई और सौभाग्यवती महिलाओं ने पति और पुत्र की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। मान्यता के अनुरूप सुबह घरों में शीतला माता का पूजन किया गया। बच्चों को शीतला माता के समक्ष धोक लगवाई गई। ऐसी आस्था है कि शीतला माता की धोक लगाने से बच्चे स्वस्थ रहेंगे। शीतलाष्टमी पर घरों में शीतला माता, ओरी माता, अचपड़ाजी एवं पंथवारी माता का प्रतीक बनाकर पूजन किया गया। खास बात यह है कि आज के दिन माता शीतला को शीतल और एक दिन पहले पकाए गए पकवानों का भोग लगाया गया। कुछ घरों में सूर्योदय से पूर्व पूजा हुई तो कई परिवारों ने सूर्योदय के बाद शीतला माता की विधिवत पूजा की। वहीं कागा तीर्थ स्थल में मां शीतला के मंदिर में सुबह से भीड़ पडनी शुरू हो गई। मंदिर के कपाट खुलते ही लोग शीतला माता की पूजा-अर्चना में जुट गए। दिन चढने. के साथ लोगों की भीड़ बढ़ती गई। केवल जोधपुर ही नहीं बल्कि दूर-दराज के लोग भी माता के दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां शीतला के समक्ष शीश नवाकर पारिवारिक सदस्यों के व्यवहार में शीतलता व शिशुओं को ओरी-अचपड़ा सहित चर्म संबंधी बीमारियों से संरक्षण प्रदान करने की मनौती मांगी। कई महिलाओं ने शिशुओं को माता के चरणों में लिटाकर चरणामृत पिलाया। रंग-बिरंगे पारम्परिक परिधान पहने महिलाएं मंगल गीत गाते हुए शीतला माता के मंदिर पहुंची।

## बिहार-छत्तीसगढ़ की संस्कृति आपस में जुड़ी है : साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि, बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं, त्योहार और पारिवारिक मूल्यझ्रसबकुछ एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यह रिश्ता केवल भूगोल का नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कारों का है। वे आज शनि?वार को भिलाई में "बिहार-तिहार स्नेह मिलन" कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर हुआ है ।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच रोटी-बेटी का रिश्ता केवल कहावत नहीं, अब सामाजिक हकीकत बन चुकी है।

# दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है उत्तर प्रदेश: सीएम योगी

**पीएम मित्र पार्क से टेक्सटाइल हब बनेगा यूपी, 50,000 से अधिक नए रोजगार का होगा सृजन- सीएम**

**इन्वेस्टर्स मीट**

**▸▸ अपैरल पार्क की स्थापना के लिए शनिवार को लखनऊ में एक भव्य इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम मित्र योजना' के तहत लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1,000 एकड़ में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क की स्थापना के लिए शनिवार को लखनऊ में एक भव्य इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश वस्त्र परिधान नीति 2017 के अंतर्गत राज्य के वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही, पीएम मित्र पार्क के लिए 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू साइन किए गए। सीएम योगी ने इस अवसर पर कहा कि यह पार्क उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करेगा और 50,000 से अधिक नए रोजगार सृजित करेगा।

**पीएम मित्र पार्क से लखनऊ में टेक्सटाइल हब की नई शुरूआत:** सीएम योगी ने इन्वेस्टर्स मीट को संबोधित करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ में स्वीकृत इस परियोजना के लिए आयोजित इन्वेस्टर्स मीट यूपी के वस्त्र उद्योग को नई उंचाई पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने गुजरात के सूरत को टेक्सटाइल हब बनाया और अब इस विजन को देशभर में लागू करने के लिए सात पीएम मित्र पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से एक लखनऊ में है। यह देश का एकमात्र पीएम मित्र पार्क है जो किसी राज्य की राजधानी में स्थापित हो रहा है। 1,000 एकड़ में बनने वाले इस पार्क के लिए डीपीआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## विद्युत सब स्टेशन के विरोध में रुद्रपुर के ग्रामीणों का आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**रुद्रप्रयाग। केदारनाथ** विधानसभा के रुद्रपुर गांव में 220 केवि विद्युत सब स्टेशन के विरोध में ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहा। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन और पिटकुल पर फर्जी तरीके से गोचरान भूमि कब्जाने का आरोप लगाया है। कहना है कि, वह अपनी भूमि का एक टुकड़ा भी पिटकुल को नहीं देंगे। वहीं, पिटकुल के अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य के लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं। यहां विद्युत सब स्टेशन बनने से आने वाले समय में केदारनाथ रोपवे का संचालन किया जाना है। जनपद रुद्रप्रयाग में मंदाकिनी नदी, काली गंगा और मधु गंगा पर 99.5 मेगावाट क्षमता की चार जल विद्युत परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिसमें तीन परियोजना का कार्य पूरा हो चुका है और बिजली उत्पादन भी हो रहा है। इन परियोजनाओं की बिजली को संरक्षित करने के लिए वर्ष 2013 में केदारघाटी के रुद्रपुर गांव में

## जल से ही हमारा कल सुरक्षित: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व जल दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर सभी से जल संरक्षण के लिए संकल्प लेने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल से ही हमारा कल सुरक्षित है। यह प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जिसका संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जल संसाधनों की सुरक्षा का


**आह्वान**

**▸▸ डॉ. यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर सभी से जल संरक्षण के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया**

संकल्प लें और एक समृद्ध भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जल बचाने के लिए जागरूक रहने और जल संरक्षण के सभी उपाय अपनाने की अपील की है।

## मिजोरम से सिंगापुर तक एंथुरियम फूलों का पहली बार हुआ निर्यात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। कृ**षि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) ने मिजोरम के आइजोल से एंथुरियम के फूलों की पहली खेप सिंगापुर निर्यात किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि आइजोल से सिंगापुर के लिए एंथुरियम फूलों की पहली खेप को 26 फरवरी, 2025 को रवाना किया गया। एपीईडीए ने 50 नालीदार बक्सों में पैक किए गए। 1,024 एंथुरियम फूलों (वजन 70 किलोग्राम) की पहली खेप आईवीसी एग्रोवेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आइजोल से कोलकाता के रास्ते सिंगापुर निर्यात किया। एपीईडीए के अध्यक्ष अभिषेक देव और मिजोरम राज्य बागवानी विभाग की विशेष सचिव रामदिन लियानी ने मिजोरम से सिंगापुर के लिए एंथुरियम फूलों की पहली खेप को रवाना किया। इस अवसर पर एपीईडीए, बागवानी विभाग, मिजोरम सरकार, जो एंथुरियम ग्रोवर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी, आईवीसी एग्रोवेट प्राइवेट लिमिटेड और वेज प्रो सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का पुष्प उत्पादन निर्यात 86.62 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। मिजोरम से सिंगापुर को एंथुरियम फूलों की यह पहली खेप पुष्प उत्पादन निर्यात के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## केदारनाथ यात्रा के लिए घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**रुद्रप्रयाग।** आज से केदारनाथ यात्रा के लिए घोड़ा-खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच और पंजीकरण शुरू हो गया है। आगामी 10 अप्रैल तक जनपद में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर पशुपालन विभाग जी-मैक्स कंपनी की मदद से घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण करेगा। पहले चरण में यात्रा के लिए 5000 घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण किया जाएगा। इस बार, घोड़ा-खच्चरों पर इंटरनल टैग भी लगाया जा रहा है, जिसे स्कैन करने पर पशु के स्वास्थ्य, पशु संचालक और पशु स्वामी के बारे में जानकारी मिलेगी। यात्राकाल में घोड़ा-खच्चरों की निगरानी के लिए पैदल मार्ग पर टॉस्क फोर्स तैनात की जाएगी। आगामी 2 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा में इस बार घोड़ा-खच्चरों के संचालन की व्यवस्था को और बेहतर किया जा रहा है। शनिवार से ऊखीमठ ब्लॉक के पिठोरा में पशु जांच व पंजीकरण शिविर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिविरों में घोड़ा-खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही बीमा किया जाएगा। साथ ही घोड़ा-खच्चर के स्वामी और संचालक की जानकारी भी पंजीकृत की जाएगी।

मुख्य पशुपालन अधिकारी डा. आशीष सिंह रावत ने बताया कि जनपद के अगस्तयमुनि, जखोली और ऊखीमठ ब्लॉक के अलग-अलग स्थानों पर कुल 32 शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें यात्रा के लिए घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट के आधार पर पशुओं को यात्रा के लिए पंजीकृत किया जाएगा। साथ ही घोड़ा-खच्चरों के गले की त्वचा की इंजेक्शन से इंटरनल टैग स्थापित किया जाएगा। इधर, सरकार ने इस बार यात्रा में संयुक्त निदेशक स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी के तौर पर तैनात किया जाएगा। क्या है इंटरनल टैग घोड़ा-खच्चरों के गले की त्वचा पर इंजेक्शन से स्थापित किया जाने वाला इंटरनल टैग एक चिप है।